

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 11 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-04 ■ वर्ष -41 ■ अंक-165 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने देखी 'द बंगाल फाइल्स'

**रायपुर,11 सितंबर।** 'द बंगाल फाइल्स' में विभाजन के दौरान की घटनाओं को दिखाया गया है. फिल्म देखने के बाद क्रोध और दुख हुआ. फिल्म में सत्य घटना को दिखाया गया है, जो हकीकत में घटी है. यह बात उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 'द बंगाल फाइल्स' देखने के बाद कही. छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज की ओर से पंडरी स्थित मॉल में 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म का प्रदर्शन देखने बुधवार रात उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे थे. शो में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे. उप मुख्यमंत्री ने फ़िल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री को बधाई देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में फिल्म को अवश्य दिखाया जाना चाहिए. नेटफ्लिक्स के माध्यम से बंगाल में फिल्म को दिखाने की कोशिश करेंगे.

### कार और बाइक में भिड़ंत, तीन घायल

**रायपुर,11 सितंबर।** राजधानी में तेज रफ्तार कार और बाइक में भिड़ंत हो गई, इस हादसे में एक युवती और दो युवक घायल हो गए हैं. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पूरा मामला माना थाना क्षेत्र का है. यह हादसा भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सामने हुआ. घटना की जानकारी देते हुए CSP लंबोदर पटेल ने बताया कि कार में तीन लड़की सवार थी, जिसमें एक लड़की घायल हुई है. वहीं बाइक सवार दो युवक भी घायल हुए हैं. सभी का इलाज जारी है.

### पैन-इंडिया टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़

**नई दिल्ली ,11 सितंबर।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पैन-इंडिया टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में 5 अलग-अलग राज्यों से 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ढ्ढश्वष्ठ बनाने की सामग्री, उपकरण और हथियार बरामद किए गए हैं। स्पेशल सेल के एडिशनल ष्टक्क प्रमोद सिंह कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कहा, एक पैन इंडिया टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया गया है...5 अलग-अलग राज्यों में कार्रवाई की गई है...5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असरार दानिश, जो रांची का रहने वाला है, का मुख्य किरदार था। इसके साथ में 2 लोग मुबंई के थे-सूफियान अबुबकर और आफताब अंसारी। इनको दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है...हुजैफा यमन को तेलंगाना के निजामाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

कामरान कुरैशी को मध्य प्रदेश के राजगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से काफी मात्रा में ढ्ढश्वष्ठ बनाने की सामग्री और उपकरण बरामद किए गए हैं...कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं...इनको एक खिलाफत-स्टाइल का एक समूह तैयार करना था...साथ ही, उन्हें कुछ टारगेटिड किलिंग का काम सौंपा जाना था...असरार दानिश का हैंडलर एक पाक समर्थित हैंडलर है...इसमें आगे की जांच की जाएगी।

### अनंत अंबानी ने कहा- हम पंजाब के साथ खड़े हैं

**चंडीगढ़ ,11 सितंबर ।** रिलायंस, पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से राहत के लिए राज्य प्रशासन, पंचायतों और स्थानीय स्वंयसेवी संगठनों के साथ पिछले कई दिनों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। खासतौर से अमृतसर और सुल्तानपुर लोधी के सबसे ज़्यादा प्रभावित गाँवों में तत्काल राहत पहुँचाई जा रही है। कंपनी पोषण, शेल्टर, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पशुधन के स्तर पर 10 सूत्रीय सहायता कार्यक्रम चला रही है। जमीनी स्तर पर रिलायंस कई तरह से सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

# एक ही परिवार के 4 लोगों की बेरहमी से हत्या

**रायगढ़,11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र के ठुसेकेला गांव के राजीव नगर मोहल्ले से एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है। यहां पांच दिनों से लापता एक ही परिवार के पति-पत्नी और दो बच्चों के शव बरामद हो गए हैं। प्रारंभिक जांच में चार शव मिलने की पुष्टि हुई है, लेकिन परिवार के पांच सदस्यों की हत्या की आशंका जताई जा रही है। बंद घर के पीछे बाड़ी से उठ रही असहनीय दुर्गंध ने इस वारदात का पर्दाफाश किया। पुलिस ने मामले को हत्या का रूप देकर जांच शुरू कर दी है, और फोरेंसिक टीम के इंतजार में है। जानकारी के अनुसार, ठुसेकेला गांव के राजीव नगर मोहल्ले में बुधराम उरांव नामक व्यक्ति का परिवार पिछले पांच दिनों से लापता था। मोहल्ले वासी बताते हैं कि एक बंद घर के पीछे की बाड़ी से कई दिनों से तेज दुर्गंध आ रही थी, जो गोबर के ढेर से उठ रही थी। स्थानीय लोगों ने इसे संदिग्ध मानते हुए तत्काल खरसिया थाने को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बाड़ी की तलाशी लेने पर गोबर के ढेर के नीचे दफन चार शव बरामद हो गए, जिनमें पति-पत्नी और दो बच्चों के होने की आशंका है। मृतकों की पहचान पति बुधराम उरांव, पत्नी सोहद्रा, बेटा अरविंद और बेटी शिवांगी उरांव के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्यारों ने शवों को घर के पीछे की बाड़ी में दफना दिया था, ताकि वारदात छिपी रहे। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, और आसपास के लोग दहशत में हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे घर और बाड़ी को सील कर दिया है। फोरेंसिक टीम रायगढ़ से रवाना हो चुकी है, जिसके आने के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम और वैज्ञानिक जांच की जाएगी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को खून के छींटे और अन्य सबूत मिले हैं, जो हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्या के कारणों और हत्यारों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है, और संदिग्धों की सूची तैयार की जा रही है। यह भी सामने आया है कि परिवार के लापता होने की शिकायत पहले नहीं दर्ज कराई गई थी, जिससे हत्याकांड कई दिनों तक छिपा रहा। पुलिस का मानना है कि यह पारिवारिक विवाद या कोई पुरानी दुश्मनी का नतीजा हो सकता है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।



## आईईडी ब्लास्ट,2 जवान घायल

**दंतेवाड़ा,11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों की लगाई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के दो जवान जख्मी हो गए हैं। दोनों जवानों को हाथ-पैर समेत शरीर के कई अंगों पर चोटें आई है। दोनों को मौके से निकालकर जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मामला मालेवाही थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, घायल जवानों का नाम इंस्पेक्टर दीवान सिंह गुर्जर और आरक्षक आलम मुनेश है। ये दोनों सीआरपीएफ 195वीं बटालियन में पोस्टेड हैं। हर दिन की तरह आज भी सीआरपीएफ के जवान सातधार और मालेवाही के मध्य एरिया डोमिनेशन पर निकले हुए थे। वहीं यहां नक्सलियों ने पहले से ही प्रेशर आईईडी प्लांट की हुई थी। एरिया डोमिनेशन के दौरान जवानों का पैर नक्सलियों की लगाई प्रेशर आईईडी पर आ गया। जिससे जोर का धमाका हुआ। दोनों जवान जख्मी हो गए। जिन्हें साथी जवान फौरन मौके से निकालकर अस्पताल पहुंचाए। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने घटना की पुष्टि कर दी है।



## भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं परिवार हैं: मोदी

**वाराणसी, 11 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (11 सितंबर) उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वाराणसी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता भी की। बाद में प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी और रामगुलाम द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिसमें



विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। चीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहाँ की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में माँ गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ़ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।

## बस्तर और सरगुजा पर है सरकार का विशेष फोकस: सीएम साय

**रायपुर,11 सितंबर।** जगदलपुर में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने के बाद लगातार इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन कर रहे हैं. रायपुर, दिल्ली, बैंगलोर, मुंबई के साथ विदेश में भी इसका आयोजन हुआ. आज जगदलपुर में होने जा रहा है. बस्तर और सरगुजा पर सरकार का विशेष फोकस है. जगदलपुर में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ स्थानीय मंत्री और नेता शामिल होंगे. आयोजन में शामिल होने के लिए जगदलपुर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री साय ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि नए उद्योग नीति में एससी-एसटी के अलावा महिलाओं और अग्निवीरों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है. इनमें से कोई उद्यमी बनना चाहते हैं, तो उनके लिए सब्सिडी का प्रावधान है. उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा पर वोट खरीदेने के आरोप पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी एक वोट के लिए सरकार गिरा दिए थे. भारतीय जनता पार्टी उसूलों वाली पार्टी है.

## बॉयफ्रेंड के सामने चार बदमाशों ने नाबालिग से किया गैंगरेप

जांजगीर 11 सितंबर 2025। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिला में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित अपने बॉयफ्रेंड के साथ घुमने निकली थी। जहां आरोपियों ने पहले तो नाबालिक और उसके बॉयफ्रेंड का अश्लील वीडियों बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने वीडियों वायरल करने की धमकी देकर लड़की के साथ दरिंदगी करते हुए गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी युवक वीडियों वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे। जिससे परेशान होकर युवक ने पुलिस में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक गैंगरेप की ये घटना जांजगीर जिला के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। नाबालिग के साथ गैंगरेप की ये घटना 9 सितंबर की बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि 17 वर्षीय किशोरी अपने साथी के साथ शिवरीनारायण घुमने के लिए रवाना हुई थी। राहौद के सूनसान क्षेत्र में किशोरी अपने साथी के साथ बैठी थी। जहां 4 बदमाश युवकों ने पहले तो दोनों का अश्लील वीडियों बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने लड़की के बॉयफ्रेंड से पैसों की डिमांड की। पैसा नही देने पर आरोपियों ने अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना से डरे सहमें किशोरी अपने साथी के साथ किसी तरह वापस अपने घर पहुंची। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता के दोस्त से अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर दोबारा पैसों की डिमांड करने लगे। आरोपियों के ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित युवक ने इस घटना की रिपोर्ट शिवरीनारायण थाने में दर्ज करायी। युवक ने तब किशोरी के साथ गैंगरेप की जानकारी पुलिस को नही दी थी। घटना की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को मिलने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया गया। महिला पुलिस को नियुक्त कर पीड़िता का बयान दर्ज कर घटना की हकीकत जानने का प्रयास किया गया। जब पुलिस टीम ने पीड़िता से घटना की जानकारी ली, तब उसने अपने साथ हुए हैवानियत और गैंगरेप की घटना का खुलासा किया। पुलिस ने इस मामले में गैंगरेप करने वाले चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तत्काल उनकी तलाश शुरू की गयी। एसपी विजय पांडेय के निर्देश पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई कर तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

## कतर ने अरब देशों से मांगी मदद

**दोहा,11 सितंबर।** कतर की राजधानी दोहा पर इजरायल के हवाई हमले ने मध्य पूर्वी क्षेत्र को एक नए संकट की ओर धकेल दिया है। कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने कहा है कि इजरायल की आक्रामकता का जवाब देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर "सामूहिक प्रतिक्रिया" जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि "पूरा खाड़ी क्षेत्र खतरे में है" और इजरायल की कार्रवाईयों से शांति की संभावनाएं खत्म हो रही हैं। अल थानी ने अमेरिकी मीडिया नेटवर्क सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा, "हम उम्मीद कर रहे हैं कि क्षेत्रीय प्रतिक्रिया सार्थक होगी और इजरायल को इस तरह की दबंगई से रोकेगी।" उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि वे पूरे क्षेत्र को "अराजकता" की ओर धकेल रहे हैं। कतर ने साफ तौर पर अरब देशों से इजरायल के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। इजरायल ने मंगलवार को दोहा में हमास नेताओं की बैठक को निशाना बनाया, जहां वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित गाजा युद्धविराम योजना पर चर्चा कर रहे थे। इजरायल ने दावा किया कि यह हमला 10 से अधिक फाइटर जेट्स और मुनिशन्स का इस्तेमाल करके किया गया। कतर ने कहा कि उसके दो सुरक्षा अधिकारी मारे गए, जबकि हमास ने बताया कि उसके पांच निचले स्तर के सदस्य मारे गए, जिनमें खलील अल-हय्या के बेटे, तीन बॉडीगार्ड और एक कार्यालय प्रमुख शामिल हैं। हमास के प्रमुख नेता, जैसे मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या, बच गए।



## राज्यपाल कब रोक सकते हैं विधेयक, 10 दिन की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 143 के तहत दिए गए संदर्भ पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 200/201 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने की समय-सीमा से संबंधित प्रश्न उठाए गए थे। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की एक शीर्ष अदालत की पीठ ने दस दिनों तक मामले की सुनवाई की। राष्ट्रपति का संदर्भ मई में, तमिलनाडु राज्यपाल मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले के तुरंत बाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई थी। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने कई बार स्पष्ट किया कि वह तमिलनाडु राज्यपाल के फैसले पर अपील नहीं करेगा और केवल संवैधानिक प्रश्नों का उत्तर देगा। तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों ने इस संदर्भ की स्वीकार्यता पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि तमिलनाडु राज्यपाल के फैसले में इन प्रश्नों के उत्तर पहले ही दिए जा चुके हैं। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने सवाल उठाया कि क्या राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक सकते हैं। न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर राज्यपाल विधेयकों को विधानसभा में वापस किए बिना रोक सकते हैं, तो इससे निर्वाचित सरकार राज्यपाल की मनमानी पर निर्भर हो जाएगी। न्यायालय ने यह भी पूछा कि क्या राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए एकसमान समयसीमा को केवल कुछ छिटपुट देरी के उदाहरणों के आधार पर उचित ठहराया जा सकता है।

## अमेरिका से मिला तीसरा जीई-404 इंजन

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को हल्के लड़ाकू विमान (LCA) Mk1A कार्यक्रम के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से तीसरा GE-404 इंजन प्राप्त हुआ है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों की आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी एयरोस्पेस दिग्गज ने पुष्टि की है कि सितंबर 2025 के अंत तक एक और इंजन मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, GE404 इंजनों की आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, HAL को LCA Mk1A की आपूर्ति के लिए अपनी निर्धारित समय-सीमा पर टिके रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। तेजस लड़ाकू विमान के अधिक उन्नत संस्करण के रूप में विकसित यह विमान, स्वदेशी प्लेटफार्मों के साथ अपनी वायु शक्ति को मजबूत करने की दिशा में भारत के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष के अंत तक 12 GE-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना पहले ही 83 LCA Mk1A लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दे चुकी है, जबकि 97 अतिरिक्त विमानों की खरीद का प्रस्ताव अनुमोदन के अंतिम चरण में है। 2021 में, भारत ने 99 F404-IN20 इंजनों की खरीद के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के साथ 716 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। हालाँकि, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के कारण वितरण समय-सीमा प्रभावित हुई, जिसमें एक दक्षिण कोरियाई घटक आपूर्तिकर्ता द्वारा की गई देरी भी शामिल है। उल्लेखनीय रूप से, इस बाधा के कारण वितरण कार्यक्रम को मार्च 2025 तक संशोधित करना पड़ा। भारतीय वायुसेना का लक्ष्य कुल 352 तेजस विमान शामिल करना है, जिनमें Mk1A और Mk2 दोनों संस्करण शामिल होंगे। एचएएल ने आश्वासन दिया है कि पिछली बाधाओं के बावजूद, वह चालू वर्ष के लिए अपनी डिलीवरी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए सही रास्ते पर है। इस बीच, एचएएल को उम्मीद है कि अगले वित्तीय वर्ष में इंजन की आपूर्ति स्थिर हो जाएगी।



# बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

### 2100 से अधिक लोगों मिलेगा रोजगार, नया बस्तर – निवेश, विकास और विश्वास की नई पहचान

रायपुर, 11 सितम्बर 2025/ बस्तर आज विकास की स्वर्णिम सुबह का प्रतीक बनकर उभर रहा है। जो क्षेत्र कभी उपेक्षा और अभाव की पहचान से जूझता था, वह अब निवेश, अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। यहाँ हर क्षेत्र—उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन—में समावेशी विकास की गूंज सुनाई दे रही है। यह बदलाव न केवल बस्तर की तस्वीर बदल रहा है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गाथा लिख रहा है। बस्तर के विकास को गति देने के लिए सरकार ने 5,200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें रावघाट–जगदलपुर नई रेल लाइन (3,513.11 करोड़) और केके रेल लाइन (कोत्तवलसा–किरंदुल) के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ न केवल बस्तर में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयास और मजबूत होंगे तथा बस्तर विश्वसनीय निवेश और समावेशी विकास का केंद्र बनकर उभरेगा। इसके साथ ही, बस्तर में 2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएँ भी स्वीकृत की गई हैं। कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाला यह संभाग अब छत्तीसगढ़ के सबसे विकसित और समृद्ध क्षेत्रों में से एक बनने की राह पर है। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर धमतरी–कांकेर–कोंडागांव–जगदलपुर मार्ग का एक वैकल्पिक रास्ता बना रही हैं, जो कांकेर, अंतागढ़, नारायणपुर के अबूझमाड़ होते हुए दंतेवाड़ा के बारसूर और आगे बीजापुर तक पहुँचेगा। इन परियोजनाओं से बस्तर के सभी




जिलों तक पहुँचने के लिए कई रास्ते उपलब्ध होंगे, जिससे दूरियाँ कम होंगी और योजनाओं व विकास कार्यों की पहुँच और अधिक प्रभावी होगी। यह आधुनिक सड़क नेटवर्क न केवल आवागमन की सुविधा बढ़ा रहा है, बल्कि सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति के नए द्वार भी खोल रहा है। इस प्रकार, बस्तर अब संघर्ष की भूमि से आगे बढ़कर संपर्क, समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है।

**बड़े सार्वजनिक निवेश से बदलता बस्तर**–बस्तर में एनएमडीसी द्वारा 43,000 करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु 200 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। ये निवेश बस्तर की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

**निजी निवेश और समावेशी विकास**–बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। यह विविधीकृत विकास रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा और समावेशी व सतत विकास को सुनिश्चित करेगा। कुल मिलाकर लगभग 52,000 करोड़ की प्रतिबद्धताओं के साथ बस्तर औद्योगिक और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का नया केंद्र बन रहा है।

## एक नजर

### बुजुर्ग से 78 हजार की ठगी

**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई थाना क्षेत्र एक बुजुर्ग स्पीड पोस्ट का ऑनलाइन ट्रैकिंग करते हुए 78 हजार रुपए की ठगी का शिकार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 41, सेक्टर 07 निवासी वरुण कुमार श्रीवास्तव (69 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे 4 सितंबर को अपने मोबाइल पर स्पीड पोस्ट की लाइव ट्रेकिंग करने के लिए एक एप डाउन लोड किया। पार्सल का ट्रैकिंग नंबर डालने पर पुणे में डाल पेंडिंग होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसे दो अलग-अलग नंबरों से वाट्सएप में लाइव ट्रेकिंग का मैसेज आया। इस पर वाट्सएप पर डाक ट्रैक करने लगा। इस बीच उसे चार अलग-अलग नंबरों से वाट्सएप कॉल आने लगा, लेकिन उसने किसी भी कॉल को रिसीव नहीं किया। इसके बाद रविवार को दोबारा से एक अनजान नंबर वाट्सपएप कॉल आया तो उसने रिसीव कर लिया। कॉलर ने लाइव लोकेशन बताने के लिए लिंक भेजने की जानकारी दी। इस पर लिंक पर क्लिक करते ही उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 78 हजार रुपए की रकम अपने आप निकलन गए।

### युवक की करंट लगने से मौत

**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के युवक की करंट से मौत मामले में मकान मालिक की लापरवाही उजागर होने पर छावनी पुलिस ने मामले में धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप-2 निवासी मृतक राम अवतार रोजी मजदूरी का काम करता था। 13 जुलाई को शारदा पारा, केम्प - 2 निवासी भरत विश्वकर्मा के घर की छत के ऊपर शीट डालने गया था काम करते समय बांस की सीढ़ी को उठाकर छत के ऊपर ले जाते समय 33 केवी के बिजली के तार से उसे करंट लग गया इलाज के लिए शंकराचार्य अस्पताल ले गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में राम अवतार की मौत इलेक्ट्रिक करंट से होना पाया गया मकान मालिक ने घर की छत के पास से गुजरने वाली 33 केवी के लाइन होने के बाद भी उपेक्षापूर्ण कार्य कराने की वजह से युवक मौत होने की बात सामने आई इस पर मकान मालिक भरत विश्वकर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है ।

### घूमने निकले दो लोगों पर चाकू से हमला

**भिलाई,11 सितंबर।** भिलाई टाउनशिप के सेंट्रल एवेन्यू में तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इसमें से एक बीएसपी कर्मी हैं लूट के इरादे से बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 05, सड़क 02, ब्लाक 03 सी निवासी एम. राजा बाबू (45 साल) भिलाई इस्पात संयंत्र में अटेंडर के पद पर कार्य करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोज की तरह आज सुबह 4.45 बजे चाय पीने के लिये घर से सेक्टर 05 चौक जा रहा था। शिवनाथ पान ठेला आगे सेक्टर 05 चौक के पास पहुंचा था उसी समय सेक्टर 02 की तरफ से 03 अज्ञात लड़के मोटर साइकिल से आये और प्रार्थी के आगे मोटर साइकिल को रोककर दो लड़के उतरे उसमें से एक लड़का धक्का देकर गिरा दिया और मोबाइल को छीनने लगा तब प्रार्थी ने रोका तो वहीं पास में खड़ा दूसरा लड़का अपने पास रखे कटर जैसे धारदार वस्तु से हमला कर दिया इससे पेट में दो , दोनों पैर की जांघ तथा बांये हाथ की कलाई में चोट लगी है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 3(5), 109 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना सेक्टर-2 गणेश पंडाल के सामने सेंट्रल एवेन्यू के पास की है सुबह लगभग 5 बजे सेक्टर - 5 सड़क 15 निवासी ( 50 साल ) प्रवेश वैद्य को पीछे से तीन बाइक सवार युवकों ने धारदार वस्तु से मारा उनसे लूट का प्रयास किया गया ।

### हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों व मेधावी छात्रों का सम्मान

**भिलाई, 11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक सहयोग समिति के तत्वावधान में 13 सितम्बर शनिवार शाम 5 बजे कुर्मी भवन, सेक्टर-7 में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार होंगी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रतिभा साहू, अश्विनी कुमार झा, टीका राम साहू, आई.एस. मनु, नजमा रहीम, राम कुमार वर्मा, कुबेर राम देशमुख, गंगेश कुमार सिन्हा, कुंजलता साहू, दुलारी चंद्राकर, सुरेश कुमार चंद्राकर, पुनाराम देवांगन, मोहन राम साहू, महेश कुमार देवांगन और गिरधर लाल चेलक सहित अन्य का सम्मान किया जाएगा। साथ ही मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# रजत जयंती महोत्सव पर कलेक्टर ने साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 सितंबर।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के 46 स्वयं सेवी शिक्षक एवं ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों को अक्षर सम्मान से सम्मानित किया।

पूरे प्रदेश में 1 से 7 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह मनाया गया। कबीरधाम जिले में इसके समापन अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अक्षर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने 20 ग्राम प्रभारी प्रधानपाठकों, 20 स्वयंसेवी शिक्षकों तथा 06 मास्टर ट्रेनर्स को साक्षरता महा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर यह सम्मान दिया।वर्तमान में पूरे देश में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है इस क्रम में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें इस वर्ष जो पचास हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य मिला है उसे तेजी के साथ पूरा करना है हमें इसके लिए रणनीति बनाकर पूरे जिले में इस प्रकार काम करना है कि कोई भी असाक्षर ना रहे। उन्होंने इस कार्य को तत्परता के साथ करते हुए लक्ष्य पूर्ति का संदेश दिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सम्मान पाने वाले सभी शिक्षकों एवं स्वयंसेवी भी शिक्षकों को हार्दिकबधाई दी।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस अवसर पर साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफ आर वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी श्री देवराज सिंह , जिला नोडल अधिकारी श्री अवधेश नंदन श्रीवास्तव, विकासखंड परियोजना अधिकारी श्री शत्रुघ्न प्रसाद डड़सेना , श्री अजय चंद्रवंशी सहित सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीगण एवं ब्लॉक तथा जिले के कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला नोडल अधिकारी श्री अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया।

# पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ अक्षय कौशिक को इलाज के लिए भेजा बिलासपुर

**कवर्धा, 11 सितंबर।** 10 सितंबर को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवाई अति पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संतोष सिंह चौकी बाजार चारभाटा के द्वारा ऊषा कौशिक पिता स्व नारायण कौशिक का लड़का अक्षय कौशिक उम्र 25 साल सकिन गोछिया की जो गांव में जिसकी देखरेख करने वाली कोई नई है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नई होने से बाजार चारभाठा में इनके सम्बन्ध में आवेदन दिया गया है कि जो अपने आप रात भर घर वाले को परेशान करना है ।

अपने मोहल्ले वालों को आने जाने वाले के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगता है जो मानसिक रोगी प्रतीत होता है पड़ोस के महिलाओं और बच्चों में डर का माहौल बना रहता है जिससे जान माल का खतरा बना हुआ है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है जिसे पीड़ित के स्वास्थ्य में सुधार हेतु उसकी मां ऊषा कौशिक से बात कर मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित इलाज हेतु राज्य मानसिक चिकित्सा सेदरी बिलासपुर में विधिवत इलाज हेतु भेजा गया यह पूरी कारवाही में प्र .आ .411महेंद्र चंद्रवंशी आरक्षक 760 श्रीराम राजपूत आरक्षक का विशेष भूमिका रहा ।



### स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग, 11 सितंबर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अहिवारा विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46 लाख 50 हजार रूपए की स्वीकृति की गई है।



### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रज्ञा ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**भिलाई, 11 सितम्बर।** राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। इस अवसर पर सर्वधर्म सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया। संस्था ने उनके इस महादान संकल्प के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान संस्था के प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, रघुवंश सैनी और भेखराम साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# साइबर जागरूकता और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध पुलिस ने अभियान चलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला एवं डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशन में महिला थाना कवर्धा द्वारा दिनांक 09.09.2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति एप, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी तथा ठगी की स्थिति में राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, गुड टच-बैड टच और बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया और उन्हें कानून की जानकारी के साथ सजग नागरिक बनने का संदेश दिया गया।विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम, शिकायत दर्ज कराने और कानूनी सहायता के उपायों से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वरी साहू, सहायक उप निरीक्षक विजया कैवत, महिला प्रधान आरक्षक स्वीटी आनंद, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की विशेष भूमिका रही। वहीं विद्यालय की ओर से प्राचार्य एस.के. चंद्रवंशी, शिक्षक ओमप्रकाश साहू, भोलाराम, शिक्षिकाएं चित्राणी साहू एवं सुनीता ठाकुर सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।यह अभियान कबीरधाम पुलिस की ओर से समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने का सशक्त प्रयास है।



# सेवा पखवाड़ा में प्रबुद्ध सम्मेलन, दिव्यांग किट वितरण एवं रक्तदान किया जाएगा :हर्षिता

**भिलाई, 11 सितम्बर।** भाजपा जिला भिलाई द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की, जबकि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।



यह आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। मुख्य वक्ता हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि इस बार का सेवा पखवाड़ा ऐतिहासिक रहेगा। इसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर से होगी। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन स्वास्थ्य केंद्रों में सुनाया जाएगा, मोदीजी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी व डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। जिला स्तर पर प्रबुद्ध सम्मेलन, पुस्तक वितरण, नमो मैराथन, वृक्षारोपण, दिव्यांग उपकरण वितरण, चित्रकला व खेलकूद प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को भिलाई जिला पूरी निष्ठा से निभाएगा। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने भी कार्यकर्ताओं से टीम भावना के साथ सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना सेवा पखवाड़ा संयोजक बिजेन्द्र सिंह ने रखी। संचालन जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू तथा आभार प्रदर्शन सह संयोजक विजय जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में ब्रजेश बिचपुरिया, वीरेन्द्र साहू, शिरीष अग्रवाल, रविशंकर सिंह, तुलसी साहू, अशोक बाफना, उपासना साहू, अमित मिश्रा, डॉ. प्रदीप चौधरी, महेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल शिक्षा मंत्री का अहिवारा में बाजे-गाजे से स्वागत

**दुर्ग, 11 सितंबर ।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव नवीन दायित्व मिलने के पश्चात विगत दिन अपने जन्मस्थली अहिवारा पहुँचे, जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया। क्षेत्र वासियों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार 5 प्रकार के कांसे के बर्तन भेंट की और जनसेवा में और आगे बढ़ने आशीष दी। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज का दिन मेरे लिए भावनाओं से भरा और अविस्मरणीय रहा। नवीन दायित्व मिलने पर, अपनी जन्म स्थली अहिवारा में प्रियजनों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा मिले आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, खेती-किसानी को मजबूती देने और जल संवर्धन सहित जनभावनाओं से जुड़ी मांगों को पूरा करने का संकल्प लिया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने नागरिकों की सुविधा हेतु अहिवारा से लगे बानबरद गांव के जल संसाधन कार्यालय में रेस्ट हाउस, मोहंदी में जलाशय, अहिवारा हाई स्कूल में डोम शेड, नंदौरी तथा मोहलाई जलाशय निर्माण तथा कपसदा जलाशय के जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया।

# मनीष पांडेय के जन्मदिवस पर होगा भगवा ध्वजारोहण का आयोजन

**भिलाई, 11 सितम्बर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के जन्मदिन अवसर पर 12 सितम्बर को भगवा ध्वजारोहण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर-09 चौक पर प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष मदन सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वजारोहण के उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।



चौक पर भगवा ध्वज फहरने के साथ ही वातावरण जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठेगा। नेताओं ने कहा कि यह आयोजन केवल जन्मदिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म की परंपराओं और संस्कृति को जीवंत करने का एक प्रयास है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने सभी रामभक्तों, सनातनियों, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

# अवैध सड़क निर्माण को निगम टीम ने रुकवाया

**भिलाई, 11 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई की टीम ने नेहरू नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। जानकारी के अनुसार, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पास खसरा नंबर 199 स्थित शासकीय भूमि पर अजय बाफना द्वारा अपनी निजी जमीन से एप्रोच रोड जोड़कर सड़क निर्माण कराया जा रहा था। आवागमन के लिए पुलिया भी बना ली गई थी। मामले की शिकायत मिलते ही आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षण में अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्य रुकवाया। पंचनामा तैयार कर कार्यवाही हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजीव तिवारी, शशांक सिंह, इमान सिंह कन्नौज, यश मेश्राम, मंगल जांगड़े, राजेन्द्र सिंह, गौरकरण एवं विष्णु सोनी उपस्थित रहे।



# प्राकृतिक उपचार एवं आहार शिविर में दी ड्रगलेस थेरेपी की जानकारी

**भिलाई, 11 सितम्बर ।** गायत्री परिवार द्वारा सेक्टर-6 स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित छह दिवसीय प्राकृतिक उपचार एवं आहार शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी वासुदेव शर्मा ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के सप्तसूत्रीय कार्यक्रमों में स्वास्थ्य संवर्धन की विशेष भूमिका है। बदलती जीवनशैली में ड्रग-रहित थेरेपी को अपनाना समय की आवश्यकता बन गई है। आवल खेड़ा आगरा से आए विशेषज्ञ जितेंद्र सिंह प्रज्ञेय ने पंचतत्व आधारित चिकित्सा पद्धति से उपचार करते हुए कहा कि मानव शरीर पंचमहाभूतों से बना है, अतः स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए इन्हीं तत्वों की चिकित्सा अनिवार्य है। योगाचार्य डॉ. अमित गुरवेंद्र ने शिविरार्थियों को एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर और कर्ण भेदन चिकित्सा की जानकारी दी तथा कहा कि ड्रगलेस थेरेपी के नियमित अभ्यास से जीवन भर स्वस्थ रहा जा सकता है। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने सकारात्मक अनुभव भी साझा किए। आभार व्यक्त करते हुए समन्वयक राजन तुमाने ने बताया कि शिविर की सफलता में समाजसेवी उमेश चितलांग्या एवं रामकृष्ण मूंदड़ा का विशिष्ट योगदान रहा। इस अवसर पर महेंद्र सेक्सरिया, कैलाश अग्रवाल, दीपक तुमाने, दिलीप सेक्सरिया, प्रमोद नामदेव, पन्नालाल मालवीय, डॉ. बी.के. गर्ग, नंदू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# काकोली रॉय को मिला राष्ट्रीय स्तर पर विंग्स ऑफ स्टील सम्मान



**भिलाई, 11 सितम्बर।** भारतीय इस्पात संघ द्वारा सुश्री काकोली रॉय को प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ स्टील अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार 8 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित आईएसए स्टील कॉन्क्लेव के छठे संस्करण में प्रदान किया गया। सुश्री रॉय को इस्पात क्षेत्र में लैंगिक विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने में उनके अभिनव प्रयासों और नेतृत्व क्षमता के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आयोजित सम्मेलन का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत के लिए इस्पात स्थिरता और विकास को गति रहा। इसमें नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों और वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया। पैनल चर्चाओं में हरित इस्पात प्रौद्योगिकी, एआई एकीकरण, वैश्विक व्यापार चुनौतियाँ, डीकार्बोनाइजेशन रणनीति, कच्चे माल की सुरक्षा तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए लॉजिस्टिक्स और डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमर्श हुआ।

# राठी रासायनिक खाद भंडार में अनियमितता पर की गई कार्रवाई

**दुर्ग, 11 सितम्बर ।** उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, डायवर्सन एवं अन्य गतिविधियों की सतत निगरानी के संबंध में संचालक कृषि से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में संभाग, जिला एवं विकासखण्ड के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है तथा अनियमितता की स्थिति में संबंधित विक्रय केन्द्र के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में अरमरीकला विकासखण्ड गुरूर, जिला बालोद के मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार एवं मेसर्स गांधी कृषि केन्द्र, द्वारा कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय परिलक्षित होने पर 09 सितम्बर 2025 को संयुक्त संचालक कृषि, संभाग-दुर्ग के निर्देशन में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि कार्यालय के सहायक संचालक कृषि तथा कृषि विकास अधिकारी पलारी, वि.खं. गुरूर द्वारा उक्त विक्रेताओं से उर्वरक क्रेता कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क कर बयान लिया गया। जिसके अनुसार पाया गया कि कृषकों द्वारा खरीफ फसल हेतु क्रय किये गये उर्वरक मात्रा से अत्यधिक मात्रा विक्रेता द्वारा च्वै मशीन में उनके नाम से दर्ज किया गया है, जिन कृषकों द्वारा प्रतिष्ठान से उर्वरक क्रय ही नहीं किया गया है उनके नाम से भी पीओएस मशीन में विक्रय मात्रा दर्ज की गई है तथा निर्धारित दर से अधिक दर पर कृषकों को उर्वरक का विक्रय प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है।



संयुक्त संचालक कृषि श्रीमती गोपिका गभेल से मिली जानकारी अनुसार कृषकों के बयान लेने के बाद निरीक्षण दल द्वारा मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला के विक्रय परिसर तथा खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया। प्रतिष्ठान में उपलब्ध स्कंध पंजी एवं क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयक एफसीओ 1985 में प्रावधानित प्रारूप अनुसार नहीं पाया गया। स्कंध पंजी में दर्ज आवक मात्रा विक्रेता द्वारा थोक विक्रेताओं से क्रय किये गये उर्वरक के इनव्हाइस के अनुसार नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयकों में विक्रेता के लायसेंस नंबर एवं उर्वरक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से किये गये विक्रय के विरूद्ध अधिकांश क्रेताओं को विक्रय देयक ही जारी नहीं किया गया है तथा स्कंध पंजी में दर्ज विक्रय मात्रा का पीओएस मशीन के माध्यम से विक्रय मात्रा एवं जारी किये गये देयक से मिलान नहीं हुआ। पीओएस मशीन में प्रदर्शित विक्रय मात्रा एवं भौतिक विक्रय मात्रा में वृहद अंतर परिलक्षित हुआ।

मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला में उपरोक्तानुसार पायी गई अनियमितता के संबंध में उर्वरक निरीक्षक पलारी द्वारा विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 03 दिवस के भीतर जवाब चाहा गया है। जवाब समाधानकारक न पाये जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता एवं प्रतिष्ठान के विरूद्ध उर्वरक निरीक्षक पलारी/अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) एवं उप संचालक कृषि, जिला बालोद द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में अब तक 769.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 11 सितम्बर।** जिले में 1 जून 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक 769.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1091.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 555.8 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 676.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 761.9 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 722.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 809.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर

## अस्थायी फटाका लायसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन 28 तक

**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** राज्य शासन द्वारा अस्थायी फटाका अनुज्ञप्ति जारी किए जाने हेतु समय सीमा निर्धारित किया गया है। विस्फोटक नियम 2008 का पालन किये जाने के शर्त पर ऐसे व्यक्ति जो दीपावली पर्व के दौरान अस्थायी फटाका दुकान लगाना चाहते है, वे अस्थायी फटाका लायसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन लोक सेवा केन्द्रों एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों से साईट मैप शहरी क्षेत्र हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा चयनित स्थल का प्रमाणित नक्शा, ग्रामीण क्षेत्र में दुकान हेतु तहसीलदार अथवा सरपंच एवं पटवारी के दोनों के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त नक्शा, आधार कार्ड, स्वच्छ पासपोर्ट साइज कलर फोटो, पेन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित 10 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगा।

## रजत जयंती पर पॉलीटेक्निक कॉलेज में एल्यूमिनी मीट का आयोजन



**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत स्व.करुणा शुक्ला शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बलौदाबाजार में एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्र-छात्राओं को पुनः एक साथ जोड़ना, उनके अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित करना तथा देश के विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित करना है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर.के. अग्रवाल छत्तीसगढ़ की 25 वर्ष की विकास यात्रा के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। एल्यूमिनी मीट में विभिन्न सत्रों का आयोजन में गौरव बढ़ाने वाले एलुमनाई को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। संस्था के पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया। साथ ही राज्य की प्रगति में शिक्षा एवं तकनीक की भूमिका पर बल दिया और वर्तमान विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, नवाचार तथा समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विकास और युवा शक्ति विषय पर संवाद हुआ। इस अवसर पर संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रजत जंयती के अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत जंयती के अवसर पर लवन कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। छात्रों को विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा एवं उनकी तैयारी, स्वरोजगार से संबंधित, निजी क्षेत्र में रोजगार की जानकारी, राज्य स्तरीय रोजगार मेला, रोजगार पंजीयन, सेना भर्ती एवं व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा की जानकारी प्रदान किया गया।कैरियर मार्गदर्शन में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । इसीतरह शासकीय आईटीआई असनींद कसडोल के 90 से अधिक विभिन्न ट्रेड में अध्यनरत् छात्र-छात्रों को भी उनके ट्रेड से संबंधित कैरियर की शुरूआत कैसे करें आईटी सेक्टर में बेहतर भविष्य के बारे में जानकारी दी गई। शासकीय विभाग में नौकरी के अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेते हुए स्वयं की व्यवसाय स्थापित कर अपना व्यवसाय को गति देने एवं अन्य शिक्षित हुनरमंद युवाओं को रोजगार की जानकारी प्रदान किया गया।

## अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना दिव्य कुमार साहु चयनित

### डीपीएस में पढ़ने का मिलेगा मौका



**बलौदाबाजार, 11 सितम्बर।** अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना अंतर्गत अब श्रमिकों के मेधावी बच्चे प्रदेश के नामी निजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत पंजीकृत श्रमिक सुमित्रा साहु के पुत्र दिव्य कुमार साहु का चयन कक्षा 6वीं में निजी आवासीय विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोटापाली, जुड़ी, रायगढ़ मे हुआ है। यहां कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास रायपुर में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारम्भ मंगलवार को किया। योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश के 100 बच्चे चयनित हुए है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मण्डल अंतर्गत 1 वर्ष पूर्व पंजीकृत श्रमिक के प्रथम दो संतान जो कक्षा छठवी में अध्ययनरत हो उनका चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाता है। योजना का उद्देश्य श्रमिक के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है जिसमें चयनित बच्चों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक प्रदेश के श्रेष्ठ आवासीय निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी।

# केसदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

### बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 11 सितंबर।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा के सौजन्य से समता फाउंडेसन और मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोहग से ग्राम पंचायत केसदा में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया शिविर में केसदा रिंगनी खपरीकला गावों के लोगों ने लाभ लिया . विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ो मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया.जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण की गई। इस अवसर पर शिविर में पहुंचे तमाम डॉक्टर और अतिथियों का फूलों के साथ स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह दे कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।



संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके। इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया। आम लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी हर तरह की जांच और इलाज करा सके और उन्हें फ्री में अच्छी सुविधा ,इलाज और दवा मिल सके।

केसदा के सरपंच शिव कुमार तुरकाने ने कहा की सीमावर्ती ग्रामीणों के लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ। इस तरह के शिविरों से न केवल गरीब और वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। सरकार और अन्य संगठनों को इस तरह की पहल को आगे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में केसदा ,रिंगनी और खपरी कला सरपंचों और पंचगणों , के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर शिविर का लाभ उठाया। साथ ही बड़ी संख्या में पंचगण ,जनप्रतिनिधिगण ,ग्रामीणजन, एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे,कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा के एम जी के मूर्ति चिरंजीत राय ,धनेश साहू ,धर्मेश वैश्य ,गुलाब साहू ,धर्मेश नायक ,सुचिता जैन ,मनीष सिन्हा ,जितेंद्र ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आप ने जुटाया फंड




**तिल्दा-नेवरा, 11 सितंबर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ के पीड़ितों के लिए आम आदमी पार्टी की स्थानीय इकाई ने नगर वासियों से अपील कर 23163 रूपए एकत्रित किए हैं। पार्टी के प्रमुख कार्यकर्त्ता कमल महान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब की हालत इस समय बहुत ख़राब है। गुरदासपुर, अमृतसर,पठानकोट, फ़िज़ालिका सहित 23-24जिले प्रभावित हैं। लगभग 4लाख एकड़ की फ़सल बर्बाद हुई है, पानी के बहाव में नदियों की रेत खेतों में पहुंच गई है।

हजारों पशु बाढ़ में बह गए हैं। महान ने बताया कि लोगों से ली गई राशि को पंजाब के मुख्यमंत्री सहायता कोष में भिजवाने की व्यवस्था की जा रही है उन्होंने ने कहा कि इस कार्य में भरतसिंह चौहान, राधे बंजारे,डॉ राजकुमार सोनी,सुनील श्रीवास्तव आदि साथियों का सहयोग रहा।

# एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला देश का पहला सरकारी लैब होगा जिला अस्पताल

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,11 सितंबर।** जिला अस्पताल बलौदाबाजार में संचालित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब(आईपीएचएल) के स्टैंडर्ड का आकलन एवं परीक्षण करने 11 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड की विशेषज्ञ टीम आएगी। टीम के आकलन एवं परीक्षण में तय मानकों पर खरा उतरने पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त होगा जो जिला व राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। सर्टिफिकेट प्राप्त होने पर जिला अस्पताल में संचालित आईपीएचएल देश का पहला एनक्यूएएस सर्टिफाइड सरकारी लैब होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार देर शाम जिला अस्पताल पहुंचकर आईपीएचएल का निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पब्लिक सुविधाओं के साथ ही हाइजिन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



बताया गया कि जिला अस्पताल में संचालित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए पहली बार आवेदन किया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मानक पर खरा उतरने सभी सुविधाएं व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में इस लैब में लगभग 103 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। इसमें हिमेटोलॉज़ी अंतर्गत 16 टेस्ट, क्लिनिकल पैथोलॉजी अंतर्गत 14 टेस्ट, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री अंतर्गत 30 टेस्ट,सिरोलॉजी अंतर्गत 8 टेस्ट,इम्युनोलॉजी अंतर्गत 28 टेस्ट एवं माइक्रोबायोलॉजी अंतर्गत 7 टेस्ट शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, भारत सरकार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित एक कार्यक्रम है।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 11 सितंबर।** 10/09/2025 को शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी छत्तीसगढ @2047 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय महापौर,नगर पालिका निगम, रायपुर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि युवा वर्तमान और भविष्य है। युवाओं को सोच ऊंचा रखने की आवश्यकता है।

छत्तीसगढ़ निरंतर आगे बढ़ रहा है और युवाओं से अपेक्षा है कि सामुहिक भागीदारी द्वारा ही शहर एवं छत्तीसगढ़ का विकास किया जा सकता है। छात्राओं का आह्वान कर उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत होने की बात कही। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. शशांक शर्मा, अध्यक्ष, साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद



ने कहा छत्तीसगढ@2047 के लिए राज्य शासन के नीति आयोग द्वारा मिशन तैयार किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के चहूंमुखी विकास की योजना तैयार हो सके। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें वर्ष के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। महाविद्यालय में 2 सितंबर से 12 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज छत्तीसगढ़@2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रीति शर्मा, प्राचार्य, शासकीय शहीद नंदकुमार पटेल महाविद्यालय बीरगांव ने कहा छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है, जब रास्ता स्पष्ट हो संकल्प दृढ़ हो तो मंजिल प्राप्त हो ही जाती है। राज्य ने नए मानकों को धारित किया है। यहाँ साक्षरता दर 70.28 प्र. है। राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षण संस्थानों में वृद्धि हुई है। डॉ. महेंद्र सार्वा ने अपने वक्तव्य में कहा छत्तीसगढ़ आर्य और द्रविड़ संस्कृति का संगम है।

अनादि काल से अपनी संस्कृति को संरक्षित किये हुए है। डॉ गौतमी भतपहरी ने मेंटलहेल्थ पर्सपेक्टिवस छत्तीसगढ़ @47 पर कहा कि छत्तीसगढ़ में मेन्टल हेल्थ के लिए जिले स्तर पर कमिटी तैयार कर किये जा रहे हैं। WHO के अनुसार 1 लाख लोगों पर 1 हजार मेंटलहेल्थ काउन्सलर होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में मेंटलहेल्थ की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। डॉ. कीर्ति श्रीवास ने कहा छत्तीसगढ़ पावर स्टील और सोलर ऊर्जा में अग्रणी है। महिला रोजगार और स्व उद्दमिता के लिए किए जाने वाले राज्य के प्रयासों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल विभाग के क्रीड़ाधिकारी डॉ. कर्मिष्ट शंभरकर के संयोजन में प्रतिभावान छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ प्रीति कंसारा ने छत्तीसगढ़ के विकास में उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया । कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक डॉ. कल्पना मिश्रा व आभार कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. रितु मारवाह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक डॉ. जया तिवारी, डॉ. वैभव आचार्य, डॉ. अनुभा झा, डॉ रेखा दीवान ,डॉ अलका वर्मा , मंजू कोचे, कविता ठाकुर,प्रीति जायसवाल , प्रतिभा साहू , ज्योति मिश्रा , संध्या ठाकुर एवं अन्य उपस्थित रहे। क्रीड़ा एवं योग की छात्राओं ने योग नृत्य और पंथी नृत्य प्रस्तुत किया तथा नम्रता गुप्ता ने गीत गाया ।

# बच्चों एवं शिक्षकों को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार - भाटापारा, 11 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार के ठगी से बचाव हेतु आम जनों के मध्य लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 10.09.2025 को पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक की टीम द्वारा एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल बलौदाबाजार में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों



को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया। कार्यक्रम में श्री तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल एवं एसबीआई ब्रांच मैनेजर बलौदाबाजार श्री सिंगल द्वारा साइबर अपराध के संबंध में समझाइस देते हुए बतलाया गया कि, किसी भी प्रकार के लोक लुभावने स्कीम के लालच में नहीं आने, किसी भी अजनबी काल को अटेंड नहीं करने, किसी अनाधिकृत लिंक को टच न करने, अपनी बैंक डिटेल की जानकारी किसी भी अजनबी व्यक्ति को नहीं देने आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया।

सांथ ही किसी प्रकार से भी सायबर ठगी हो जाने पर तत्काल 1930 पर कॉल करके पूरी जानकारी देने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार, श्री खोड़स राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष वर्मा कुर्मी समाज, श्री टेसू लाल धुरंधर, श्री जितेन्द्र माहले उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, केशरवानी समाज प्रमुख श्री राजनारायण केसरवानी, हरजीत सिंह सलूजा वार्ड पार्षद, श्री अभिषेक तिवारी एवं टुकेश्वर वर्मा संस्था प्रमुख, सहित स्कूल के शिक्षक एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से प्राथमिक शाला छुईहा में अब पर्याप्त शिक्षक,शिक्षा व्यवस्था हुई सुदृढ़

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 सितम्बर।** बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छुईहा (माल गुजारी) में युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप पढ़ाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो गई है। विद्यालय की दर्ज संख्या 106 है, जिसमें 54 छात्र और 52 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। पूर्व में विद्यालय में केवल दो शिक्षक पदस्थ थे जिसके कारण




पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी। अब दो अतिरिक्त शिक्षकों के जुड़ने से बच्चों को प्रत्येक विषय का अध्यापन व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिल रहा है। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला इंद्रा कॉलोनी बिनौरी से श्रीमती मंजूषा वर्मा तथा शासकीय प्राथमिक शाला रवान से श्रीमती चंद्रकला सोनवानी की पदस्थापना की गई है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या दोगुनी होने से बच्चों और अभिभावकों में प्रसन्नता का वातावरण है। विद्यालय की कक्षा पाँचवीं की छात्रा दीपिका घृतलहरे ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले केवल दो शिक्षक थे, जिसके कारण सभी विषयों की पढ़ाई संभव नहीं हो पाती थी, लेकिन अब चार शिक्षक हो जाने से सभी विषयों की पढ़ाई अच्छे से हो रही है।विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कदम साबित होगा।

## जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** प्रार्थी चुनेश देवांगन निवासी ग्राम रवान द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.09.2025 के रात्रि करीबन 09:00 बजे गांव में प्रार्थी के बड़े भाई दुर्गेश देवांगन एवं आरोपी चुलेन्द्र निषाद के बीच



पेट्रोल चोरी के संबंध में वाद-विवाद हो रहा था, जिसे प्रार्थी अपने एक अन्य साथी के साथ समझाइस देने गया, जहां पर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर किसी नुकीली वस्तु से प्रार्थी के बाईं जांघ में मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 891/2025 धारा 296,351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी चुलेन्द्र निषाद को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौच करते हुए, प्रार्थी को कांटेदार एक्सेस ब्लेड से वार करते हुए गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 10.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- चुलेन्द्र निषाद उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम खम्हरिया थाना पलारी वर्तमान निवासी ग्राम रवान थाना सिटी कोतवाली।

# जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज, मारपीट के 4 आरोपी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 11 सितंबर।** प्रार्थी विकास दास मानिकपुरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 09.09.2025 की रात्रि करीबन 11:30 बजे पता चला की एक वर्टस कार द्वारा एक्सीडेंट कर दिया गया है तथा वो कार बस्ती की ओर गई है, जिसे रोकने का प्रयास करने पर उक्त कार चालक द्वारा कार नहीं रोका गया एवं प्रार्थी को चोंट पहुंचाते हुए उक्त कार वहां से निकल गया। उक्त कार का पीछा करते हुए प्रार्थी अपने



साथियों के साथ नारायणी रेस्टोरेंट गया, जहां पर उक्त कार खड़ी थी। प्रार्थी द्वारा उक्त कार चालक का नाम पूछने पर आरोपी देवेंद्र कुमार सचदेव अन्य आरोपियों के साथ वहां पर आया एवं प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए, अश्लील गाली गलौज करने लगा। तत्पश्चात देवेंद्र सचदेव का बड़ा लड़का वहां स्कॉर्पियो वाहन से आया एवं सभी के द्वारा गाली गलौज करते हुए लाठी, सरिया, हाकी स्टीक, लोहे का पंच आदि से मारपीट किया गया है। की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 492/2025 धारा 109,296,351(3),115(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए, उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक वर्टस कार एक स्कॉर्पियो वाहन, हॉकी स्टिक, सरिया आदि जप्त किया गया है तथा सभी आरोपियों को आज दिनांक 10.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सात दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन

### श्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सिमगा की संयुक्त पहल का लाभ लेने उमड़ रहे हैं लोग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 11 सितंबर।** एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में पहला दिन सैंकड़ो लोगो ने पंजीयन कराकर एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ लेने लोगों का ताता लगा रहा। स्वास्थ्य समस्या साझा कर चिकित्सकों से उपचार पाया विशेषज्ञ डॉ. गोरधन चौधरी और विशेषज्ञ डॉ. भोमराज चौधरी एवं डॉ. कृश्ण चौधरी ने बताया एक्युप्रेशर पद्धति मे वाइब्रेशन सु-जोक और नेचुरल चिकित्सा से उपचार किया जाता है। शरीर मे पीड़ा साइटिका शुगर बीपी और मानसिक तनाव कम करने लोगों मे एक्युप्रेशर चिकित्सा पर भरोसा बढ़ा है. रोग की पहचान कर इलाज कर रहे है. विशेषज्ञों ने कहा शरीर मे मौजूद खास



बिंदुओं पर दबाव और उपकरणों की मदद से दवा मुक्त इलाज की यह पद्धति का प्रशिक्षण लेकर घर पर इलाज किया जा सकता है। श्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा समाज सिमगा, और सभी वरिष्ठ जन् एवं महिला मंडल एवं महिला समिति के सदस्यों ने शिविर आयोजन मे अपनी सहयोगी भूमिका दिखायी गुरुद्वारा प्रबंधक ने बताया कि लोगों को बीमारी से राहत दिलाने के अलावा उन्हें स्वास्थ्य की पूंजी बनाये रखने का संदेश शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। दवाईयों का साइड इफेक्ट कई बार परेशानी बढ़ा देता है लेकिन इस पद्धति मे आप छोटे छोटे उपकरणों की मदद से अपने को फिट रख सकते हैं।

स्वास्थ्य सबसे बढ़ी पूंजी है इसे बनाये रखने जिवन शैली मे सुधार लाना जरूरी है इसके लिए समय पर संतुलित खान-पान की विशेषज्ञों ने सलाह दी है। अमरजीत सिंह भाटिया (गीटू) एवं रिंकू भाटिया ने उम्मीद जताते हुए बताया कि आयोजकों को उम्मीद है कि प्रचार- प्रसार के चलते सिमगा नगर एवं आसपास क्षेत्रों से आकर लोग बड़ी संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएंगे, ये शिविर 10 सितम्बर 2025 से 16 सितम्बर 2025 मंगलवार तक चलेगा, जिससे आम लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का डॉक्टरों से सलाह लेकर राहत पाएंगे। शिविर को सफल बनाने में श्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधन कमेटी सिमगा का विशेश सहयोग एवं योगदान मिल रहा है, इस शिविर में सीख समाज की महिलाएं बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रही है।

# दुष्कर्म एवं ठगी का आरोपी गिरफ्तार

### भूत प्रेत का साया बताकर की थी ठगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 11 सितंबर।** 10.09.2025 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 02.09.2025 को रात करीबन 12:00 बजे आरोपी जयप्रकाश मिश्रा द्वारा भूत प्रेत भगाने के नाम पर इसके घर अंदर प्रवेश कर इसकी नाबालिक पुत्री को चाकू दिखाकर डरा धमका कर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया है। की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

दूसरा प्रकरण- प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 30.08.2025 को जब वह कॉलेज से अपने घर आ रही थी तब रास्ते में आरोपी जयप्रकाश मिला एवं उसके द्वारा बोला गया कि तुम्हारे ऊपर भूत प्रेत का साया है, जिससे तुमको और तुम्हारे परिवार वालों को जान का खतरा है और स्वयं को सिद्धि प्राप्त व्यक्ति बताया गया। तत्पश्चात दिनांक



02 एवं 3 सितंबर की मध्य रात्रि आरोपी पूजा पाठ करने की बात कहते हुए उसके घर में आया एवं डरा धमकाकर अलग-अलग कर क्यूआर कोड में कुल 18,600 रकम लेकर ठगी किया है। तीसरा प्रकरण- दिनांक 10.09.2025 को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह सिमगा कॉलेज में पढ़ाई करती है तथा पार्ट टाइम चॉइस सेंटर में काम करती है। कि दिनांक 07.09.2025 को आरोपी जयप्रकाश मिश्रा उसके चॉइस सेंटर में आया और वहां पर स्वयं को पुलिस वाला बताकर उसका 1,00,000 वेतन आने वाला है किसी व्यक्ति को तत्काल पैसा भेजना है, कहते हुए अलग-अलग क्यूआर कोड देकर कुल 85,500 डलवाया तथा थोड़ी देर बाद आकर पैसे देता हूं कहकर चला गया, उसके बाद वह व्यक्ति वापस नहीं आया। उपरोक्त तीनों प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जयप्रकाश मिश्र को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त तीनों प्रकरण में उल्लेखित घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को दिनांक 10.09.2025 विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## संपादकीय

# नेपाल में हिंसा के सबब

भारत के पड़ोसी राज्य में नेपाल ही अशांति व अराजकता से बचा था,वहां भी कई दिन तक हिंसक प्रदर्शन के बाद सेना ने मोर्चा संभाला तो स्थिति जाकर कुछ ठीक हुई है। अंतरिम सरकार बनाने के प्रयास शुरू हुए हैं, आंदोलनकारियों से बातचीत की जा रही है। किसी नेता के बारे में आमसहमति बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दो दिनों तक पीएम चेहरे के तौर पर बालेन शाह, कुलमान घिसिंग के नामों की चर्चा रही लेकिन आनलाइन बैठक में गैरराजनीतिक व निष्पक्ष चेहरे के तौर पर सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस सुशीला आर्की पर सहमति बनने की खबर है। शुक्र है कि नेपाल में हिंसा ज्यादा दिन नहीं चली लेकिन गैरराजनीतिक आंदोलन का इस तरह हिंसक हो जाना कई सवाल पैदा करता है। किसी भी लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन का अधिकार होता है लेकिन आंदोलन के नाम पर किसी देश में संसद जला देना, सुप्रीम कोर्ट में आग लगाना। पीएम व मंत्रियों के घर में आग लगाना,मंत्रियों से मारपीट किसी भी तरह से ठीक नहीं कहा जा सकता। देश में शासन करने वालों के भ्रष्टाचार, उनके परिवार के ऐयाशी ,सोशल मीडिया बंद करने से युवाओं में नाराजगी होना जायज है। पिछले 18 साल 17 पीएम बने और कोई भी देश में युवा जैसा चाहते थे वैसा कोई नहीं कर सका। लोकतंत्र में किसी सरकार को हटाने का तरीका तो चुनाव ही होना चाहिए। युवाओं को शांतिपूर्ण आंदोलन करना था और सरकार से इस्तीफा लेने के साथ ही चुनाव की मांग करनी चाहिए थे और चुनाव में भ्रष्ट राजनीतिक दलों को हराना था। नेपाल की घटना के पीछे विदेशी ताकतों की साजिश से भी इंकार नहीं किया जा सकता। यहां चीन समर्थित सरकार थी, इसलिए माना जा रहा है कि हिंसक आंदोलन के पीछे अमरीका का हाथ हो सकता है क्योंकि अमरीका एसीओ में चीन,रूस व भारत के एकजुट होने को लेकर खफा था, वह भारत समर्थित सरकार बांग्लादेश से इसी  तरह साजिश कर हटाने में सफल रहा है। अमरीका व चीन भारत के आसपास के देशों में ऐसी सरकार चाहते हैं जो उनका कहना माने और उनके कहने पर भारत को परेशान करने का काम करे जैसे पाकिस्तान करता है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी दान-पुण्य के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। परोपकार के कार्य में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आज आपके घर किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होगा। धर्म कार्यों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके दूसरों के मामले में न बोले। आपको शीध्रता और भावुकता में कोई निर्णय नहीं लेना है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च होंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। वाहनों के प्रयोग से आप सावधानी बरतें। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ेगा,  जिससे आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से के साथ मिलकर यदि आप कोई काम करेंगे, तो उसमें आपको अच्छा फायदा मिलेगा। आपकी अपने किसी मित्र से खटपट होने की संभावना है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने पेंडिंग कामों को निपटाने की कोशिश करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी से अपने आगे की भविष्य को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करने की न सोचें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ने से खुशी होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर कोई जोखिम लेने से बचना होगा। घर में बड़ों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। जीवनसाथी की ओर से आपका कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा न होने से आपका मन परेशान रहेगा। आप खर्चो को लेकर थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप बिजनेस में कुछ नये उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। आपको मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। आप कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। यदि आपने किसी नए काम की शुरुआत करना का सोचा था, तो उसमें आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

कन्या आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी होगी। आपने यदि किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतरने की कोशिश करेंगे। आपको अपने वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को दूर करने के लिए ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से बातचीत करनी होंगी। आप अपने खानपान में लापरवाही ना करें, नहीं तो कोई पुरानी समस्या उभर सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ावा देगी।

तुला आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको बेवजह भागदौड़ रहने से अत्यधिक थकान का अनुभव होगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी माताजी से डांट खानी पड़ सकती हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन में कठिनाइयां रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा संयम बनाकर चलना होगा। आप अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें। यदि आप शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको किसी मान सम्मान के मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा। पिताजी आपके काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। बिजनेस में आप बिना सोचे समझे इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

मकर आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में भी कुछ उतार-चढ़ाव बने रहेंगे। आप अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाएं, जिससे आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपका पुराना डूबा हुआ धन मिलने से आपको खुशी होगी। आप किसी परिजन के घर मेल मिलाप करने जा सकते हैं। आपको परिवार के लोगों का पूरा सपोर्ट मिलेगा और आपके परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए कहीं बाहर भी जा सकता है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर उलझने चल रही है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें। पारिवारिक जीवन में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलें। आस पड़ोस से हो रहे वाद-विवाद से आपको दूर रहना होगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोग पूरी जांच पड़ताल करके ही किसी काम में आगे बढ़ें, नहीं तो आपका धन फंस सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप अपनी संतान और जीवनसाथी के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपके आपसी रिश्ते भी बेहतर होंगे। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। करियर में भी आपको कोई अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन आदि मिल सकता है, जिससे काफी खुशी होगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

# सरसंघचालक मोहन भागवत का जीवन प्रेरणादायी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी





आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक  स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है।

संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है।  यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं भागवत जी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।मेरा मोहन भागवत जी के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकरराव भागवत जी के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक ज्योतिपुंज में मधुकरराव जी के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकरराव जी जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। मधुकरराव जी का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकरराव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी।

भागवत जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं।

भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत जी ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत जी के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में मोहन भागवत जी ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे।

20वीं सदी के आखिरी पड़ाव पर वे अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख बने। वर्ष 2000 में वे सरकार्यवाह बने और यहाँ भी भागवत जी ने अपनी अनोखी कार्यशैली से हर कठिन परिस्थिति को सहजता और सटीकता से संभाला।

2009 में वे सरसंघचालक बने और आज भी अत्यंत ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। भागवत जी ने राष्ट्र प्रथम की मूल विचारधारा को हमेशा सर्वोपरि रखा।

सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि मोहन भागवत जी ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है।

भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में भागवत जी का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए।

कोरोना काल में मोहन भागवत जी के प्रयास विशेष रूप से याद आते  है। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी  का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन  में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुँचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को  विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन भागवत जी की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी।

इस वर्ष की शुरुआत में, मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान मैंने कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने में जिस समर्पण से मोहन भागवत जी जुटे हुए हैं, वो हर किसी को प्रेरणा देता है।

समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी।

संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विज़न और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, मोहन जी इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं।

मोहन जी के स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वो मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है।

मोहन जी, हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं। भारत की विविधता और भारत भूमि की शोभा बढ़ा रही अनेक संस्कृतियों और परंपराओं के उत्सव में भागवत जी पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। वैसे बहुत कम लोगों को ये पता है कि मोहन भागवत जी अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते है। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं। पठन-पाठन में उनकी रुचि, उनके अनेक भाषणों और संवादों में साफ दिखाई देती है।

पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोहन भागवत जी ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूँ। मोहन जी का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है।

कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं।

यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास मोहन भागवत जी जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है।

मैं माँ भारती की सेवा में समर्पित मोहन भागवत जी के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूँ। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी का 'विकसित भारत' विजन

## जीएसटी में कटौती, पारिवारिक बचत में वृद्धि, उभरता भारत



बृजमोहन अग्रवाल

भारत का कराधान इतिहास प्राचीन और परिष्कृत है, जहाँ 2,000 वर्ष से भी पहले के मनुस्मृति और चाणक्य के अर्थशास्त्र जैसे ग्रंथों में निष्पक्ष कराधान के विस्तृत सिद्धांतों की रूपरेखा दी गई है। यह विरासत ब्रिटिश शासन के माध्यम से विकसित हुई, जिसने 1860 में पहला औपचारिक आयकर अधिनियम लागू किया। हालाँकि, भारत के वित्तीय इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण सुधार 1 जुलाई, 2017 को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के साथ आया। यह केवल एक नया कर नहीं था; यह एक क्रांतिकारी "एक राष्ट्र, एक कर" प्रणाली थी जिसने 17 विभिन्न केंद्रीय और राज्य करों और 13 उपकरों को समाहित कर लिया, और अंततः अप्रत्यक्ष कराधान के जटिल और अक्षम जाल को ध्वस्त कर दिया। कर किसी भी राष्ट्र की जीवनरेखा होते हैं, जो हमारे गाँवों को जोड़ने वाली 38 लाख किलोमीटर लंबी सड़कों से लेकर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले 22 एम्स जैसे संस्थानों तक, हर चीज़ का वित्तपोषण करते हैं। जब नागरिक और व्यवसाय अपना उचित योगदान देते हैं, तो यह विकास को गति देता है और सामाजिक समानता सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, एक पारदर्शी कर प्रणाली वाणिज्य में विश्वास का निर्माण करती है। जीएसटी ने ई-वे बिल प्रणाली जैसी प्रणालियों के माध्यम से इस "व्यापार संहिता" को संस्थागत रूप दिया है, जो अब राज्यों के बीच माल की आवाजाही पर नज़र रखती है और औसतन 9 करोड़ (90 मिलियन) से अधिक बिल मासिक रूप से उत्पन्न करती है। यह डिजिटल ट्रेल ईमानदार रिकॉर्ड-कीपिंग को सुनिश्चित करता है, उपभोक्ताओं को अनुचित मूल्य निर्धारण से बचाता है, और एक विश्वसनीय वैश्विक व्यापार भागीदार के रूप में भारत की प्रतिष्ठा का निर्माण करता है।

जीएसटी की शुरुआत ने भारत के आर्थिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया है। औपचारिक करदाताओं का आधार जीएसटी-पूर्व युग के 66 लाख से दोगुने से भी ज़्यादा बढ़कर आज 1.4 करोड़ से ज़्यादा हो गया है। अर्थव्यवस्था का यह औपचारिकीकरण एक बड़ी उपलब्धि है। छोटे व्यवसाय, जो कभी कई राज्य-स्तरीय अनुपालनों के बोझ तले दबे रहते थे, अब एक एकीकृत प्रणाली के तहत काम करते हैं। इसका परिणाम एक अधिक प्रतिस्पर्धी बाजार और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता है।

यह सफलता राजस्व के आंकड़ों में भी झलकती हैः मासिक जीएसटी संग्रह लगातार  1.6 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर रहा है, जो एक मज़बूत और लचीले आर्थिक इंजन का प्रदर्शन करता है। इस बढ़ी हुई पारदर्शिता ने भारत की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे 2014 और 2020 के बीच विश्व बैंक की ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग में भारत की स्थिति में 79 पायदान की छलांग लगाने में मदद मिली है। सभी के लिए युक्तिकरण और राहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार के नेतृत्व में, जीएसटी परिषद ने लगातार कर दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए काम किया है। जबकि मूल बहुस्तरीय संरचना 5%, 12%, 18% और 28% बनी हुई है, परिषद ने नागरिकों को राहत प्रदान करने और प्रमुख क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सैकड़ों वस्तुओं पर दरों को रणनीतिक रूप से कम किया है।

उदाहरण के लिए, हेयर ऑयल और साबुन जैसी कई आम घरेलू वस्तुओं पर कर 28% से घटाकर 18% कर दिया गया। परिवारों पर बोझ कम करने के लिए, सैनिटरी नैपकिन को कर-मुक्त (0%) कर दिया गया, और आवश्यक दवाओं और डेयरी उत्पादों पर 5% की कम दर से कर लगाया जाता है। एक महत्वपूर्ण कदम में,  7,500 तक के टैरिफ वाले होटल के कमरों की जीएसटी दर 28% से घटाकर 18% कर दी गई, ये जीएसटी सुधार हमारे राज्य छत्तीसगढ़ के लिए विशेष रूप से वरदान साबित होंगे। सरलीकृत अनुपालन और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की निर्बाध उपलब्धता के साथ, राज्य के लगभग 60,000 पंजीकृत एमएसएमई की परिचालन लागत कम हुई है, जिससे उनके उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। छत्तीसगढ़ इस्पात और सीमेंट उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है। कोयले जैसे कच्चे माल पर कम जीएसटी दरें (18% से घटाकर 5% करने से) नकदी प्रवाह में सुधार होगा और इन महत्वपूर्ण उद्योगों में आगे निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। अधिकांश ताज़ी उपज पर 0% जीएसटी और कृषि उपकरणों पर कम दरों से राज्य की कृषि रीढ़ मजबूत हुई है। 12 लाख से अधिक वनवासी परिवारों को आजीविका प्रदान करने वाले अनूठे बीड़ी और तेंदू पत्ता क्षेत्र के लिए, जीएसटी संरचना को विचारशील रखा गया है। यह सिगरेट पर 28% जीएसटी और 290% क्षतिपूर्ति उपकर के बिल्कुल विपरीत है, जो हानिकारक तंबाकू उत्पादों को हतोत्साहित करते हुए पारंपरिक आजीविका को समर्थन देने की एक स्पष्ट नीतिगत पसंद को दर्शाता है। यह केंद्र सरकार का एक साहसिक कदम है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जीएसटी सुधार सिर्फ़ एक नीति नहीं है, बल्कि यह एक ईमानदार, सरल और समृद्ध भारत का वादा है। यह हर परिवार, हर किसान और हर व्यापारी की जीत है। इस साल दिवाली जल्दी शुरू हो रही है और हमारे प्रधानमंत्री जी के महान नेतृत्व में हम सब मिलकर एक नए, मज़बूत भारत का निर्माण कर रहे हैं।

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार



क्या आपको भी माइग्रेन की समस्या परेशान करती है। सिर में होने वाला तेज दर्द, सिर में दबाव, झनझनाहट और चक्कर जैसा फील होता है, तो आप टेंशन न लें बस इन 4 घरेलू उपायों को जरुर करें। इसे आपको काफी राहत मिलेगी। इन उपायों से माइग्रेन की समास्या कम हो जाती है और सिरदर्द भी खत्म हो जाता है। माइग्रेन एक प्रकार का सिरदर्द है जो अक्सर एक तरफा होता है और इसके साथ कई अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। यह दर्द आमतौर पर मध्यम से गंभीर होता है और कई घंटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। इस भयंकर दर्द को मिटाने के लिए लोग दवाईयां खाते हैं, जो हेल्थ पर भी असर डलती है। कुछ लोगों में माइग्रेन के दौरान मतली और उल्टी होने लगती है। इसके अलावा माइग्रेन के दौरान अन्य लक्षण जैसे कि चक्कर आना, थकान, और भूख न लगना भी हो सकते हैं। इन सबसे बचने के लिए कुछ राहत देने वाले घरेलू उपाय आपको बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अजमा सकते हैं। आइए आपको इन घरेलू उपाय के बारे में बताते हैं।

**गुनगुना देसी घी**-आप अपनी नाक में गुनगुना देसी घी की 2 बूंदें डाल सकते हैं। यह नुस्खा माइग्रेन के दर्द को कम करने काफी मदद करता है। आयुर्वेद में भी इस उपाय के बारे में बताया गया है। यह काफी फायदेमंद उपचार साबित हो सकता है।

**गर्म पानी और आइस पैक**-माइग्रेन के दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप अपने पैरों को गर्म पानी में डुबोएं और गर्दन पर आइस पैक रख सकते हैं। यह उपचार सिर में ब्लड फ्लो को हटा देता है जिससे दर्द कम हो जाता है। इसको करने के बाद आपको 15 मिनट में दर्द से राहत मिल जाएगी।

**मालिश करें**- आप तिल के तेल से सिर और माथे की मालिश कर सकते हैं। मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतरीन हो जाता है और मसल्स रिलैक्स होती हैं। दर्द में काफी राहत मिलती है।

**रोजाना इन फूड्स का सेवन करें**-माइग्रेन से परेशान रहते हैं, तो आप अपनी डाइट में इन फूड्स एड कर सकते हैं।  जिससे माइग्रेन अटैक न हो। आपको कद्दू के बीजों का सेवन करना चाहिए। इसमें मैग्नीशियम होता है जो माइग्रेन के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसके अलावा, आप अदरक का सेवन कर सकते हैं, क्योंकि इसमें एंटीफ्लेमेटरी गुण होते हैं। अलसी के बीज का सेवन करें, हल्दी वाला दूध रात को पी सकते हैं। दोपहर के समय खारी खा सकते हैं।

## सू-दोकू-165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.166 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

**एक नजर**

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन 22 को

**रायपुर, 11 सितंबर।** अग्रवंश कुल के संस्थापक पूजनीय भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती महोत्सव का आयोजन इस वर्ष दिनांक सोमवार, 22 सितंबर 2025 को उत्साह और परंपरा के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में दिनांक 13 एवं 14 सितंबर 2025 को रोजबे रिज़ॉर्ट, रिंग रोड नंबर 3, रायपुर में कचना एवं विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों आदि में निवासरत लगभग 600 अग्रवाल परिवारों के सहयोग से अग्रसेन जयंती उत्सव गरिमामय एवं भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय रंगारंग सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अग्रवाल समाज की परंपराओं को सहेजने, परिवारिक एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने और समाज द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्यों को रेखांकित करने हेतु समर्पित होगा। कार्यक्रम के दौरान समाज द्वारा वर्ष भर में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों का भी विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन में समाज के अनेक प्रबुद्ध एवं विशिष्टजन अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगे।

## कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**बलौदाबाजार, 11 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प-एचईडब्ल्यू के अन्तर्गत महिला केंद्रित विषयों पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में उच्च शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती डॉ. कल्पना उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं कौशल विकास के बारे में जानकारी दी। जिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी द्वारा महिला संबंधित कानून का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना जैसे दहेज प्रतड़ना, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक न्याय एवं लैंगिक कानून एवं जेंडर संवेदीकरण की आवश्यकता एवं महत्व और सुधार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य महिला एवं बच्चों से संबंधी कानून की जानकारी दी गई।

## बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए पंजीयन 15 तक

**बलौदाबाजार,11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफमौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका दे रहा है। शासन स्तर पर उत्पादन अनुदान बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिसे अंतिम रूप मिलने पर लाभ और अधिक होगा। इसके लिए किसानों को 15 सितम्बर 2025 तक बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराना होगा। जिले के किसानों को किस्मों का प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि है वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में बहुत ही कम शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते है।बीज उत्पादन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के कृषकों का निःशुल्क पंजीयन करवा सकता है। प्रत्येक कृषकों द्वारा न्यूनतम 1 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराना अनिवार्य है। फसल कटने पर बीज प्रक्रिया केंद्र में देने पर:एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि का भुगतान कर दी जाती है, जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60 प्रतिशत राशि है शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम प्राप्त होने पर प्रदाय की जाती है।

# बेटियों की शिक्षा से पीढ़ियाँ होती हैं शिक्षित : साय

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना का किया शुभारंभ




**रायपुर, 11 सितम्बर।** बेटियों को शिक्षा मिलने से हमारी पीढ़ियाँ शिक्षित होती हैं। प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना से हजारों बेटियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है और इसमें बेटियों ने भी अपनी भूमिका निभाकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बेटियाँ आर्थिक दिक्कतों के कारण अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़ें–इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। यह योजना प्रदेश में बालिकाओं की उच्च शिक्षा में नामांकन दर को और अधिक बढ़ाने में सहायक होगी।

श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संकल्प को यह स्कॉलरशिप आगे बढ़ाएगी। इसके माध्यम से शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली निम्न आय वर्ग की छात्राओं को विशेष रूप से मदद मिलेगी और वे अपनी उच्च शिक्षा जारी रख पाएँगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बेटियाँ पढ़ती हैं तो वे केवल दो परिवारों को ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ियों को शिक्षित करती हैं। उन्होंने सभी महाविद्यालयों में इस योजना की जानकारी व्यापक रूप से पहुँचाने के निर्देश दिए।

उल्लेखीय है कि इस योजना के तहत प्रदेश के शासकीय विद्यालयों से 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली नियमित छात्राएँ पात्र होंगी। जो छात्राएँ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।योजना का लाभ पाने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। साथ ही, क्यूआर कोड स्कैन कर भी आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन दो चरणों में स्वीकार किए जाएँगे–पहला चरण 10 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तथा दूसरा चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक। फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क संचालित की जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री संतोष देवांगन, संचालक तकनीकी शिक्षा श्री विजय दयाराम के., तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के स्टेट हेड श्री सुनील शाह उपस्थित थे।

## व्यापारी संघों में खींचतान दो गुट आमने-सामने

### 15 सितंबर को नवगठित संघ का चुनाव बैलाडीला व्यापारी संघ ने किया बहिष्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 11 सितंबर।** किरंदुल औद्योगिक नगर में व्यापारी वर्ग दो गुटों में बंट गया है। करीब 20 हजार की आबादी और लगभग एक हजार से भी कम छोटे-बड़े व्यापारियों वाले इस नगर में अब नवगठित किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ आगामी 15 सितंबर को चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है।

दूसरी ओर मान्यता प्राप्त बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ ने इस चुनाव का कड़ा विरोध करते हुए बहिष्कार का ऐलान किया है। हाल ही में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि व्यापारी वर्ग किसी भी तरह के विभाजन में न बंटे और चुनाव केवल बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ के अंतर्गत ही आयोजित किए जाएं।

इस स्थिति ने कई व्यापारियों को असमंजस में डाल दिया है। कुछ का कहना है कि किसी एक संघ से जुड़ने पर दूसरा पक्ष नाराज़ हो जाता है, इसलिए वे किसी भी संगठन का हिस्सा नहीं बनना चाहते। अब नगरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह चुनावी खींचतान व्यापारी वर्ग की एकता को मजबूत करेगी या फिर विभाजन को और गहरा देगी।

## गिरीश देवांगन भाटापारा में शोकाकुल परिवार से मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 11 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं छ ग खनिज विकाश निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन भाटापारा पहुँच कर ग्राम टिकुलिया में वरिष्ठ कांग्रेसी कल्याण ध्रुव के मित्र कांग्रेस के पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्व.घनाराम ध्रुव,नयापारा में पूर्व महामंत्री सनत ठाकुर के भतीजे कांग्रेस के पूर्व पार्षद स्व. मनोज ठाकुर,गांधी मंदिर वार्ड में पार्षद मनीष मिश्रा के भाई स्व.अतुल मिश्रा,परशुराम वार्ड में किसान कांग्रेस के सचिव स्व.चंदू साहू,पटपर वार्ड में पूर्व पार्षद रेवाचंद परपयानी के बड़े भाई स्व.नारायण परपयानी के घर पहुँच कर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीव जंतु विभाग विधाभूषण शुक्ला,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर,पूर्व छ ग श्रम मंडल के अध्यक्ष सन्नी सुशील अग्रवाल,पूर्व उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण शिव सिंह ठाकुर,पूर्व अध्यक्ष हज कमेटी मोहम्मद असलम भाई,पूर्व महामंत्री राजेंद्र चंद्राकर,श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा,पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी रोशन हबलानी,पूर्व अध्यक्ष केश कला बोर्ड बसंत चक्रधारी,ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे,जिला सयुक्त महामंत्री संतोष सोनी,जिला सचिव सचिन शर्मा,हिम्मत शर्मा,पुनीत मानिकपुरी,ओम प्रकाश यदु,हलधर शर्मा,गोविंद साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भरे बाजार में युवक ने खुद का गला रेता,अस्पताल में भर्ती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### साप्ताहिक बाजार में दिल दहला देने वाली घटना देख सहमे लोग



**दंतेवाड़ा 11 सितंबर।** दंतेवाड़ा थानाक्षेत्र अंतर्गत कतियाररास के बुधवार साप्ताहिक बाजार स्थल में एक युवक ने दिन दहाड़े चाकू से अपना गला रेत कर आत्महत्या करने की कोशिश की। घायल युवक को कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी गंभीर स्थिति को देख प्राथमिकी उपचार के बाद उसे डिमरापाल मेडिकल कालेज जगदलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिंजाम पटेलपारा निवासी सुनिल राणा पिता स्व0 बेनी प्रसाद राणा बुधवार को साप्ताहिक बाजार आया हुआ था इसी बीच शाम करीब 3 बजे युवक सुनिल ने मटन मार्केट के करीब चाकू छुरी विक्रय करने वाले एक दुकान से चाकू उठाया और वहीं पर अपना गला रेत डाला। लोग कुछ समझ पाते उसे पकड़ पाते इससे पहले ही उसने अपना गला रेत दिया और लहुलुहान होकर मौकाए स्थल पर ही औंधे मुंह गिरकर तड़पने लगा। घटना देखकर लोग सहम गए। लहुलुहान अवस्था में पड़े युवक को तडपता देख लोग भागने लगे। ईधर गला रेतने के वजह से उसका काफी खून भी बह गया था। बाजार का दिन था लिहाजा वहां लोगों की काफी भीड़ थी। लोगों ने तत्काल कोतवाली में फोन लगाकर पुलिस को सूचना दिया जिसके फौरन बाद कोतवाली पुलिस की टीम मौकाए स्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को अपने वाहन में रखकर जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की खबर परिजनों को भी दी गई। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। पीड़ित युवक के परिजनों की मानें तो सुनील की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से खराब चल रही थी। बीते दिनों आए बाढ़ में नदी उस पार स्थित उसका मकान भी ढह कर बह गया था। बाढ़ से उसे काफी नुकसान भी हुआ था। सुनील के पिता की 2 साल पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपनी मां के साथ रह रहा था। सुनिल की मां को शासन से 1.20 हजार रूपए की सहायता राशि भी जारी हुआ है। घायल सुनील को जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज जगदलपुर के लिए रेफर कर दिया है। सुनील का खून काफी मात्रा में बह जाने से उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जागरूकता अभियान

**उत्तर बस्तर कांकेर 11 सितम्बर।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 02 से 12 सितम्बर तक 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटगांव में किया गया। अभियान में बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे- खान-पान, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए जरूरी पोषक तत्वों की आवश्यकता इत्यादि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, नोनी सुरक्षा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दिया गया।

## कला उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी कला प्रतिभा

**दंतेवाड़ा, 11 सितंबर।** जिले के समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे मंच प्रदान करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में कला उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में किया गया। इस अवसर पर जिले की 16 शालाओं से छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी विविध कलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संगीत गायन और वादन, नृत्य, नाटक, दृश्य कला द्विआयामी एवं त्रि-आयामी, साथ ही पारंपरिक कहानी वाचन जैसी विधाओं का प्रदर्शन किया गया। मालूम हो कि सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान बी.आई.ओ.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दृश्यकला त्रि-आयामी, एकल और समूह नाटक, एकल और समूह नृत्य, एकल और समूह गायन, एकल और समूह वादन तथा पारंपरिक कहानी वाचन जैसी सभी प्रमुख विधाओं में राज्य स्तर के लिए अपना स्थान बनाया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस. के. अम्बस्ता, जिला मिशन समन्वयक श्री हरिश गौतम और सहायक परियोजना अधिकारी श्री केशव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पीएम आवास के प्रत्येक हितग्राही तक पहुंच रहा प्रशासन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 11 सितम्बर।** बीजापुर जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर बसाहट और प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सहित हितग्राहियों को निर्माण में आ रही समस्याओं से अवगत होकर निराकरण हेतु जिला प्रशासन एक रणनीतिक पहल की है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चैबे ने पीएम आवास के निर्माण में प्रगति लाने ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए गए हैं।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इस पहल के बाद नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अमले अपने आबंटित ग्राम पंचायत में जाकर प्रत्येक हितग्राही से आवास निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए समाधान हेतु कार्यवाही भी कर रहे हैं। जिले में सुदूर बसाहट के चलते निर्माण सामग्री की उपलब्धता, आवास निर्माण हेतु राजमिस्त्री, हितग्राहियों को समय पर राशि भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो पा रहा है।

## कलेक्टर ने विभागवार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागवार कार्यो की प्रगति की जानकारी ली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नियद नेल्लानार गांवो के कैम्प नोडल को आवश्यक जानकारियों को सतत रूप से अधता करने सहित शतप्रतिशत सैचुरेशन के लिए निर्देशित किया गया जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित जाति, निवास, आधार कार्ड, हितग्राहियों के बैंक खाता की जानकारी ली। उक्त गांवो में बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे अद्योसंरचना के प्रगति के बारे में विभागवार जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुआवजा, आरबीसी 6-4 सहित राहत शिविर तथा बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए आवास निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल-जीवन मिशन, विद्युत विभाग सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीएमओ नगरीय निकाय एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को दी एआई की तकनीकी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिला बीजापुर में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को एआई के प्रति जागरूक कर तकनीकी जानकारी दी गई। सेंट्रल लाइब्रेरी और एजुकेशन सिटी में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को एआई साक्षरता अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्रद्धट्ट का परिचय, एआई की परिभाषा, इसके उपयोग और विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एआई से संवाद करना, सही और स्पष्ट प्रॉम्प्ट लिखने की तकनीक। एआई कैसे काम करता है, डेटा और पैटर्न से सीखने की प्रक्रिया। एआई टूल्स का उपयोग और अन्य टूल्स के साथ अभ्यास। दैनिक जीवन में एआई बजटिंग, योजना और संगठन के लिए एआई का प्रयोग। ईमेल, रिपोर्ट, नोट्स और स्मार्ट वर्कफ्लो में एआई की मदद।

## छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी देकर किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 11 सितंबर।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग, बीजापुर के द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार व महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री कांता मसराम के मार्गदर्शन से 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय कर लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन, स्थान शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय, बीजापुर में किया गया।

महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती शीला भारद्वाज ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक संबंधी विशेष जानकारियां दी जिसमें साइबर क्राइम, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गुड टच बैड टच,टोनही प्रताड़ना अधिनियम, वाहन चलाते समय की जाने वाली सावधानी एवं नियमों, बाल अपराधों एवं उसमें मिलने वाली सजा के बारे में, बालकों के लिए संप्रेषण गृह, विधिक सेवा प्राधिकरण में मिलने वाली सुविधाओं अन्य सभी बातों की जानकारी विस्तार से दी महिला संरक्षण अधिकारी के द्वारा घरेलू हिंसा प्रतिषेध अधिनियम, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न ,स्कूलों में जिज्ञासा बॉक्स लगाने के उद्देश्य एवं उनमें आए प्रश्नों का निराकरण किस प्रकार से किया जाएगा, किशोर न्याय बोर्ड, सखी वन स्टॉप की केंद्र प्रशासक के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर से मिलने वाली पांच प्रकार की सुविधाओं एवं महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व बाल संरक्षण तंत्र अन्तर्गत बच्चों के अधिकार, स्पॉन्सर शिप योजना, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति, दत्तक ग्रहण, बाल विवाह, बाल श्रम की जानकारी दी गई, महिला सशक्तिकरण केंद्र से श्री टिकेश्वर साहू के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं की जानकारी दी उक्त कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य, वहां के शिक्षकगण, महिला बाल विकास विभाग से महिला संरक्षण अधिकारी, केंद्र प्रशासक, पैरा लीगल कर्मिक एवं महाविद्यालय के 155 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अब एक स्कैन करते ही ग्रामीणों को मिलेगी मनरेगा के कार्यों की जानकारी

### पंचायतों में लगाए जा रहे क्यूआर कोड, ग्रामीण कर सकेंगे कार्यों की निगरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 11 सितम्बर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चैबे ने जिले की ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा करने सभी जनपदों को निर्देशित किया है।

जनपद पंचायत उसूर में साप्ताहिक बैठक उपरांत सभी ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक को क्यू आर कोड का प्रिंट कराकर उपलब्ध कराते हुए इसकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले की 171 ग्राम पंचायतों के क्यू आर कोड जनरेट कराकर प्रिंट कर लिए गए हैं,। ये क्यू आर पंचायत भवनों व सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में आएगी पारदर्शिता- क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीण अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वर्ष के वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसमें व्यय राशि और रोजगार दिवसों की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इस पहल से मनरेगा कार्य में फर्जी मास्टर रोल भरना जैसे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चैबे ने बताया कि यह पहल ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों की निगरानी करने में सहायक होगी और पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता लाएगी।

इससे पूर्व मनरेगा की वेबसाइट में जाकर मनरेगा कार्य की जानकारी प्राप्त कर सकते थे किंतु यह एक कठिन प्रक्रिया थी। क्यूआर कोड से यह प्रक्रिया पूरी तरह सरल हो जाएगी। ग्रामीण स्वयं अपने पंचायत में चल रहे कार्यों में से कौन से कार्य पूरे हुए हैं, कौन से चल रहे हैं देख पाएंगे ।

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से बेटी के फौज में जाने का सपना होगा पूरा

# मुख्यमंत्री साय की पहल से प्रतिज्ञा को छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल टाटीबंध में मिला प्रवेश, परिवार गद्गद्



**रायपुर, 11 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की आत्मीयता ने छुआ श्रमिक परिवार का दिल, बेटी प्रतिज्ञा ने थामा सपनों का रास्ता एक माँ की आँखों में उमड़ी खुशी, चेहरे पर झलकता गर्व और शब्दों में छलकता भावातिरेक इस बात का प्रमाण है कि सरकार की दिशा सही है और योजनाएँ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँच रही हैं। रायपुर की नंदिनी यादव, जो रोज़ी-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं, आज अपनी बेटी प्रतिज्ञा को छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल, टाटीबंध में प्रवेश दिलाकर गदगद हैं। यह संभव हुआ है मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर शुरू की गई अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से।नंदिनी यादव बताती हैं कि वह हमेशा चाहती थीं कि उनके बच्चे भी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ें, लेकिन सीमित आर्थिक स्थिति के कारण यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। घर के अन्य बच्चों को देख वह कई बार सोचती थीं कि उनकी बिटिया भी अच्छे स्कूल में पढ़े। जब प्रतिज्ञा का चयन अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में हुआ तो उनकी आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। उन्होंने कहा मेरे लिए यह क्षण अविस्मरणीय है। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा तोहफा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात के दौरान नंदिनी यादव ने अपने मन की भावनाएँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि अब बेटी का भविष्य संवर जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी नंदिनी यादव को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और जीवन की नई दिशा देने का माध्यम बनेगी।नंदिनी ने बताया कि बेटी प्रतिज्ञा का सपना बड़ा है। वह हमेशा से कहती आई है कि उसे फौज में जाना है और देश की सेवा करनी है। बिटिया का यह सपना अब हकीकत बनने की राह पर है। इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई और बेहतर संसाधनों की उपलब्धता से वह अपने लक्ष्य तक पहुँच सकेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्ची की इस सोच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सपनों से ही देश की नींव मजबूत होती है।नंदिनी यादव ने अपनी खुशी साझा करते हुए बताया कि केवल बच्ची की शिक्षा की व्यवस्था ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उन्हें पक्का मकान मिला है, उज्ज्वल योजना से रसोई गैस कनेक्शन मिला और उनकी सासू माँ को शासन से सिलाई मशीन भी प्राप्त हुई है। इन योजनाओं ने उनके परिवार की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने कहा सरकार की योजनाएँ मेरे परिवार के लिए संबल बन गई हैं, यही तो सच्चा अंत्योदय है।उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जी के कारण आज मेरी बच्ची को बेहतर शिक्षा मिल रही है। मैं मुख्यमंत्री जी के पास अपनी भावनाएँ व्यक्त करने आई हूँ। यह खुशी शब्दों में बयान करना मुश्किल है। माँ की भावुकता देखकर उपस्थित लोग भी प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि बेटी की पढ़ाई पूरी जिम्मेदारी से होगी और परिवार को लगातार सहयोग मिलता रहेगा।

# बेटियों की शिक्षा से पीढ़ियां होती हैं शिक्षित : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 11 सितम्बर।** बेटियों को शिक्षा मिलने से हमारी पीढ़ियाँ शिक्षित होती हैं। प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना से हजारों बेटियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है और इसमें बेटियों ने भी अपनी भूमिका निभाकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बेटियाँ आर्थिक दिक्कतों के कारण अपनी पढ़ाई अधूरी न छोड़ें–इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। यह योजना प्रदेश में बालिकाओं की उच्च शिक्षा में नामांकन दर को और अधिक बढ़ाने में सहायक होगी।साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संकल्प को यह स्कॉलरशिप आगे बढ़ाएगी। इसके माध्यम से शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली निम्न आय वर्ग की छात्राओं को विशेष रूप से मदद मिलेगी और वे अपनी उच्च शिक्षा जारी रख पाएँगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बेटियाँ पढ़ती हैं तो वे केवल दो परिवारों को ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ियों को शिक्षित करती हैं। उन्होंने सभी महाविद्यालयों में इस योजना की जानकारी व्यापक रूप से पहुँचाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### रजत जयंती महोत्सवः श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण 12 को

**धमतरी, 10 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव का आयोजन 12 सितम्बर को अग्रसेन भवन धमतरी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी श्री एन.के. साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न उद्योग एवं संस्थानों में कार्यरत् श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के टीम के डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट आदि श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व आवश्यक दवाई का वितरण करेंगे।इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का निःशुल्क श्रम कार्ड व योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीयन काउंटर लगाया जाएगा। जिसमें श्रमिकों का श्रम कार्ड एवं योजना संबंधी आवेदन तत्काल किया जाएगा। साथ ही नगर निगम से मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम की टीम भी उपस्थित रहेगी। श्रम पदाधिकारी ने उक्त स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य जांच कराने हेतु आह्वान किया है।

### मुख्यमंत्री की घोषणा होगी पूरी, पत्थलगांव में बनेगा आधुनिक बस स्टैंड

**पत्थलगांव, 11 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप जशपुर जिले के पत्थलगांव नगर पालिका को आधुनिक बस स्टैंड की सौगात मिलने जा रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इसके लिए करीब पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण के लिए संचालनालय द्वारा चार करोड़ 99 लाख 75 हजार रुपए की मंजूरी के आदेश जारी कर दिए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से अधोसंरचना मद के तहत यह राशि स्वीकृत की गई है। श्री साव ने कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध रेत परिवहन पर की गई कार्रवाई

**धमतरी,11 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी में जिले के विभिन्न स्थानों बुडेनी, नारी, खट्टी, मेघा,भाटागांव,दोनर, सेल्दीप, राजपुर, लीलर, कुंडेल,ढीमर टिकुर, अछोटा, कलारतराई आदि स्थानों पर सघन जांच करते हुए ग्राम दोनर से 3 वाहन और मंदरौद सेल्दीप से 02 हाइवा, अछोटा से 04 ट्रेक्टर तथा कलारतराई से 01 टिप्पर कुल 10 वाहनों को बिना पिट पास के अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही की गई। इस दौरान 8 वाहनों को जप्ती कर कॉपोजिट बिल्डिंग धमतरी तथा 02 वाहन को थाना भखारा में अभिरक्षा में रखा गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खान और खनिज ( विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्यवाही किया गया है द्य उन्होंने बताया कि अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई होती रहेगी ।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत 7 लोगों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप एसडीएम रायगढ़ द्वारा मृतक के नजदीकी वारिसानों को 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें गेजामुड़ा रायगढ़ के यशवंत यादव, समीर गुप्ता एवं सुनीता गुप्ता, चारभाठा रायगढ़ के उमेन्द्र पटेल, आशीष पटेल, गोतमा पुसौर के दयासागर भोय एवं लोहर सिंह पुसौर के विपिन प्रधान की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हुई थी।

### बिहान योजना ने बदल दी जिंदगी खेत छुड़ाकर खड़ा किया कारोबार

**जांजगीर-चांपा, 11 सितम्बर ।** ग्राम पंचायत पिपरसत्ति की श्रीमती जानकी यादव, पहले एक साधारण गृहिणी थीं। घर की चौखट तक सीमित जीवन, चूल्हा-चौकी का काम और कभी-कभार मजदूरी से ही परिवार का गुजर-बसर चलता था। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय थी, यहाँ तक कि अपना खेत भी गिरवी रखना पड़ा। लेकिन वर्ष 2020 उनके जीवन का अहम मोड़ साबित हुआ। गाँव में बिहान टीम के आगमन से जानकी यादव श्री राधा रानी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ते ही उन्होंने अपनी ज़िंदगी को नई दिशा देने का निश्चय किया। बिहान योजना के तहत जिले की महिलाएँ प्रधानमंत्री आवास निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। जानकी यादव जैसी सदस्य आज न केवल अपने परिवार को संवार रही हैं, बल्कि सामुदायिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। सबसे पहले समूह को 60 हजार सामुदायिक निवेश कोष प्राप्त हुआ।

# युक्तियुक्तकरण से हायर सेकंडरी पिरदा में अब हर विषय की हो रही ठीक से पढ़ाई



**महासमुन्द 11 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण नीति ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को विषयवार शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। इसी का जीवंत उदाहरण है हायर सेकेंडरी विद्यालय पिरदा (जिला महासमुंद), जहां हाल ही में इस नीति का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष कुमार डहरिया ने बताया कि पहले यहां केवल 6 शिक्षक कार्यरत थे। यद्यपि वे अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर रहे थे, लेकिन विज्ञान सहायक, अर्थशास्त्र एवं व्यायाम शिक्षक उपलब्ध न होने के कारण कक्षाओं का संचालन अधूरा रह जाता था। विज्ञान विषय पढ़ने वाले छात्र जटिल विषयों की गहराई समझने से वंचित हो रहे थे। अर्थशास्त्र विषय की अनुपस्थिति से बारहवीं कक्षा के बच्चों की उच्च शिक्षा की तैयारी अधूरी रह जाती थी। व्यायाम शिक्षक न होने से खेलकूद जैसी शारीरिक एवं मानसिक विकास की गतिविधियाँ प्रभावित हो रही थीं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर ही नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और उत्साह पर भी पड़ रहा था। अभिभावक और ग्रामीण भी इस कमी से चिंतित थे।शासन की युक्तियुक्तकरण नीति लागू होने के बाद विद्यालय को 3 नए शिक्षक उपलब्ध कराए गए। विज्ञान सहायक शिक्षक श्री महेन्द्र ध्रुव की नियुक्ति से अब विज्ञान की पढ़ाई व्यवस्थित ढंग से हो रही है। श्रीमती मधुमती चंद्राकर व्याख्याता अर्थशास्त्र की नियुक्ति से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु मजबूत आधार मिला है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देवराज साहू बने ऊर्जा उत्पादक और दाता

## हरित ऊर्जा क्रांति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम




**रायगढ़, 11 सितम्बर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब आम नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। यह योजना केवल बिजली बिल कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त भी बना रही है। रायगढ़ के मधुबन पारा निवासी देवराज साहू की सफलता की कहानी इस योजना की उपलब्धियों का एक जीवंत उदाहरण है। कुछ समय पहले तक देवराज साहू हर महीने भारी-भरकम बिजली बिल चुकाने को मजबूर थे। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। जुलाई 2025 में उनके प्लांट से 282 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। इसके चलते उन्हें 869 रुपये की छूट मिली और उनका बिजली बिल-307 रुपये आया। यानी अब उन्हें बिजली कंपनी से पैसे वापस मिल रहे हैं। अब तक वे कुल 1,755 रुपये की बचत कर चुके हैं।देवराज साहू कहते हैं कि यह योजना न केवल आर्थिक मजबूती देती है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है। बता दे कि रायगढ़ जिले में अब तक 300 से अधिक घरों की छतों पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले के सैकड़ों परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत कर रही है। यह योजना हरित ऊर्जा क्रांति और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। देवराज साहू जैसे उपभोक्ता अब सिर्फ अपने घर को ही रोशन नहीं कर रहे, बल्कि पूरे समाज को स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता का संदेश भी दे रहे हैं।

### आकर्षक सब्सिडी और आसान प्रक्रिया

सरकार उपभोक्ताओं को सौर प्लांट लगाने पर 1 किलोवॉट प्लांट पर 45,000 रुपए की सब्सिडी, 2 किलोवॉट प्लांट पर 90,000 रुपए की सब्सिडी और 3 किलोवॉट प्लांट पर 1,08,000 रुपए की सब्सिडी दे रही है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को कम ब्याज पर ऋण की सुविधा भी मिल रही है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

# अब संस्कृत व्याकरण और गणित के सवाल नहीं करते परेशान



**रायगढ़, 11 सितम्बर।** रायगढ़ ब्लॉक के जामगांव स्कूल में युक्तियुक्तकरण के बाद अब कक्षाओं में तस्वीर बदली-बदली से नजर आती है। यहां बच्चे विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों के आने से अब सब्जेक्ट्स की सिर्फ पढ़ाई नहीं कर रहे हैं बल्कि कॉन्सेप्ट्स को समझ रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से जामगांव स्कूल को 6 शिक्षक मिले हैं। जिनमें 2 टीचर हाई और हॉयर सेकेंडरी कक्षाओं में पढ़ा रहे हैं। वहीं मिडिल स्कूल में 4 शिक्षकों की पोस्टिंग हुई है। यहां कुल 395 बच्चे अध्ययनरत हैं।

कक्षा दसवीं की छात्रा प्राची गुप्ता बताती हैं कि इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा है। यहां संस्कृत और गणित विषय के नए शिक्षक आए हैं। इनके आने से कक्षाएं नियमित हो गई हैं। सब्जेक्ट के टीचर होने के कारण पढ़ाने का तरीका ऐसा है कि विषय अब अच्छे से समझ आ रहा है। वहीं उनकी सहपाठी वर्षा गुप्ता कहती हैं कि पहले संस्कृत की कक्षाएं तो लगती थी लेकिन किसी और अध्यापक द्वारा क्लास लिए जाने पर संस्कृत का व्याकरण उतने अच्छे से समझ नहीं आता था। लेकिन अब संस्कृत विषय के शिक्षक आ गए हैं। तो पूरे सिलेबस को समझना आसान हो गया है। वहीं गणित विषय के सवालों को हल करने के तरीके और सूत्र को बहुत सरल तरीके से सीखने को मिल रहा है। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र राहुल निर्मलकर ने कहा कि विज्ञान संकाय लेकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विषय में पकड़ बनाने के लिए सब्जेक्ट टीचर का होना आवश्यक है। गणित के टीचर आने से पढ़ाई बेहतर हुई है। यह न सिर्फ अगले बोर्ड कक्षा के लिए आधार को मजबूत बनाएगा बल्कि आगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायक होगा।

इसी प्रकार मिडिल स्कूल में 155 बच्चे अध्ययनरत हैं। पहले यहां 3 शिक्षकों की पोस्टिंग थी। युक्तियुक्तकरण के पश्चात अब 4 टीचर और मिल गए हैं। ये शिक्षक विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और इंग्लिश विषय पढ़ाते हैं। इन शिक्षकों की पदस्थापना से एक ओर जहां कक्षाएं नियमित और विषय शिक्षकों द्वारा ली जा रही हैं, वहीं बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह बढ़ा है।

## समाचार संक्षेप

### कार्यशाला में जीएसटी कटौती की जानकारी दी गई



**रायगढ़, 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज जिला कलेक्टोरेट के सृजन कक्ष में कोषालय एवं जीएसटी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीएसटी कटौती संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जीएसटी से संबंधित नियमों, कटौतियों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ अधिकारियों ने बिल तैयार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों, नियमों के अनुपालन तथा समय पर जीएसटी कटौती नहीं होने पर लगने वाली पेनाल्टी के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जीएसटी नियमों की सही जानकारी और समय पर अनुपालन से शासन-प्रशासन की वित्तीय व्यवस्था मजबूत होती है तथा पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होते हैं। कार्यशाला में रायगढ़ सर्कल के संयुक्त आयुक्त जीएसटी श्री मनीष मिश्रा, सहायक आयुक्त श्री अमन साहू, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री चंद्रपाल सिंह ठाकुर, सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेंद्र चंद्रा, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती ओफरसिया खलखो सहित जिले के विभिन्न विभागों के 245 आहरण-संवितरण अधिकारियों ने भाग लिया।

### प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन 23 सितम्बर तक आमंत्रित

**धमतरी, 11 सितम्बर ।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना के अतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफलता प्राप्त करने पर राशि एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा उक्त सबंध में पात्र अभ्यर्थियों से 23 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त ने बताया कि पात्रता की शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, अटल नगर, नवा-रायपुर छ.ग में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 26 सितम्बर तक

**धमतरी, 11 सितम्बर ।** शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण से विभूषित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) ''वीरांगनी'' रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2026 राज्य स्थापना समारोह (राज्य उत्सव) में प्रदान किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने विभाग द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कार, सम्मान के बारे में बताया कि1 महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति-जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ठ कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं, अशासकीय सस्थाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है।2. महिलाओं के उत्पीडन के खिलाफ संघर्ष नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष माता बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान किया जाता है।3. महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरांगनी रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

# मातृत्व को संबल देती प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना



**महासमुंद 11 सितम्बर।** मां बनना हर स्त्री के जीवन का सबसे बड़ा सुख है। परंतु इस सुख के साथ कई जिम्मेदारियाँ और चुनौतियाँ भी आती हैं। गर्भावस्था के दौरान शारीरिक कमजोरी, कामकाज का बोझ और आर्थिक अभाव अक्सर माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत की जो गर्भवती माताओं के लिए संबल और वरदान बनकर सामने आई।

महासमुंद जिले की हजारों माताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। महासमुंद निवासी श्रीमती अंशुनी साय, रेखा देवांगन, राजकुमारी निषाद और तबस्सुम खातून जैसी हितग्राही महिलाओं का कहना है कि इस योजना से उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि अपने और अपने बच्चे के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिम्मत और अवसर भी मिला। योजना से प्राप्त राशि से उन्होंने पौष्टिक आहार लिया और आज मां और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। यही अनुभव वे अब अन्य गर्भवती माताओं के साथ भी साझा कर उन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं।जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री टीकवेंद्र जटवार ने बताया कि इस योजना का मूल उद्देश्य यही है कि गर्भवती माताओं को पर्याप्त विश्राम और अच्छा पोषण मिले ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें और आने वाली पीढ़ी मजबूत हो।वर्ष 2017 से शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में ही महासमुंद जिले की 19,036 गर्भवती माताओं को 6 करोड़ 32 लाख 84 हजार रुपये का लाभ दिया गया है। पंजीयन के बाद गर्भावस्था के सातवें माह में 3,000 रुपये और प्रसव के साढ़े तीन माह बाद बच्चे को टीका लगने के पश्चात 2,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। यही नहीं, दूसरी डिलीवरी में यदि बालिका जन्म लेती है तो माताओं को 6,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है, एक पहल जो बेटियों के जन्म को सम्मान और सुरक्षा देती है।यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व का सम्मान है। यह एक ऐसा स्पर्श है, जो गर्भवती माताओं के चेहरे पर संतोष की मुस्कान और शिशुओं के भविष्य में स्वास्थ्य की नींव रखता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने वास्तव में माताओं के जीवन में उम्मीद, पोषण और सुरक्षा का उजियारा भरा है।

### फोटो एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 सितम्बर तक

**धमतरी, 11 सितम्बर।** बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बडौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी प्रशिक्षण के लिए आगामी 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है, आवेदन कर सकते है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है।प्रशिक्षण के दौरान फोटो सूट, विटियो ग्राफी, फोटो ग्राफी, एल्बम, बंधन एल्बम, करिज्मा एल्बम, डीएसएलआर कैमरा में फोटो शूट की प्रायोगिक जानकारी के साथ सैद्धान्तिक जानकारी भी दी जायेगी। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटें आरक्षित है। आवश्यक दस्तावेज में राशन कार्ड फोटोकापी, प्रमाणपत्र फोटोकापी. 4 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकापी, बैंक पास बुक की फोटोकापी अपने साथ लेकर उपस्थित होने कहा गया है।

# सक्ती जिले में निजी उर्वरक संस्थानों में औचक दबिश

**रायपुर, 11 सितम्बर।** सक्ती जिले में खाद की कालाबाजारी, नकली खाद निर्माण एवं अधिक कीमत पर विक्रय पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा निजी विक्रेताओं के यहां निरीक्षकों की टीम लगातार औचक निरीक्षण कर रही है। आज निरीक्षण के दौरान मेसर्स जिंदल सेल्स एवं मेसर्स विकास कुमार अग्रवाल, बाराद्वार के विक्रय स्थल एवं गोदाम में गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं, जिसके चलते दोनों फर्म संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्रवाई अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सक्ती एवं उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड सक्ती द्वारा की गई। निरीक्षण में पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता, स्कंध पंजी का संधारण नहीं होना तथा प्रदर्शन बोर्ड का चस्पा नहीं किया जाना जैसी गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं।इस पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत संबंधित फर्म



संचालकों को 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस दिया गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। कृषि विभाग के उप संचालक ने स्पष्ट किया है कि खरीफ सीजन में किसानों को उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए जिले के सभी विकासखण्डों में कार्यरत उर्वरक निरीक्षकों एवं कीटनाशी निरीक्षकों को निजी विक्रेताओं की सतत निगरानी एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### वन अमले ने 21 नग सागौन चिरान किया जब्त

**रायपुर, 10 सितम्बर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन संपदा की सुरक्षा और अवैध कटाई पर रोक लगाने हेतु सुकमा वन परिक्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई।डीएफओ श्री अक्षय भोंसले के नेतृत्व में 09 एवं 10 सितम्बर 2025 को उप वनमंडलाधिकारी श्री सुमेध सुरवाडे के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्राधिकारी श्री गुरुवचन सिंह के मार्गदर्शन में सघन छापामार कार्रवाई कर अवैध सागौन परिवहन एवं हाथ चिरान लकड़ी जब्त किया गया।इस कार्रवाई के दौरान 10 नग सागौन हाथ चिरान (0.162 घन मीटर) से भरा एक ऑटो जब्त किया गया। साथ ही सुकमा नगर स्थित रवि फर्नीचर मार्ट, गोल्डन फर्नीचर मार्ट और नंदिनी फर्नीचर मार्ट में छापे मारकर 61 नग अवैध हाथ चिरान (लगभग 1.138 घन मीटर), अवैध मशीनें और औजार बरामद किए गए।इस पूरे अभियान में कुल 71 नग अवैध सागौन हाथ चिरान (लगभग 1.3 घन मीटर) जप्त कर नियमानुसार प्रकरण (पीओआर) दर्ज किया गया। जब्त सागौन की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपए आँकी गई है।इस कार्रवाई में वन विभाग के श्री कमलोचन कश्यप, श्री विमल कालोनी, श्री रामप्रसाद टेकाम, श्री राजू सोड़ी, ईश्वर मौर्य, श्री केवल प्रसाद नेगी, श्री हरीश पदामी, श्री इरामती मण्डावी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे

एक नजर



## जीत के बाद कप्तान सूर्या ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की प्रशंसा की

**दुबई, 11 सितंबर।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को यहां एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर जीत दर्ज करने के बाद अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने मेजबान टीम के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने के बाद चार विकेट झटके जिससे भारत ने नौ विकेट की आसान जीत से अपना अभियान शुरू किया।

सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा कि लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया। हम मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ उतरना चाहते थे और बल्लेबाजी में भी यही चीज दिखाई दी। विकेट अच्छा था। लेकिन यहां बहुत गर्मी भी है। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की। कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह, शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने भी बढ़िया गेंदबाजी की। कुलदीप ने मैच में कुल चार विकेट हासिल किए और शिवम ने तीन विकेट झटके। दमदार खेल की वजह से कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला।

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने यूएई के खिलाफ16 गेंदों में 30 रन बनाए, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

# भारत-पाक मैच रोकने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की, कहा- यह सिर्फ एक मैच है

## एशिया कप में 14 को होगा मुकाबला

**नई दिल्ली, 11 सितंबर।** भारत-पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले क्रिकेट मैच पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। हालांकि, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह सिर्फएक मैच है।







भारत सरकार 21 अगस्त को भारत-पाक मैच कराने की अनुमति दे दी थी। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी।

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

दूसरा मैचः एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।

तीसरा मैच : अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

### भारत-पाकिस्तान मैच पर विवाद क्यों?

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान रिश्ते तनावपूर्ण हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए। जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन अटैक किया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल, सीजफायर लागू है।

### क्या पहलगाम टेरर अटैक के बाद रिश्ते बिगड़े हैं?

नहीं, इससे पहले भी भारत और पाकिस्तान के रिश्ते खराब रहे हैं। 2019 में आतंकवादियों पुलवामा में CRPF के काफिले पर हमला किया। इससे 40 सैनिक शहीद हो गए। जवाब में भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक की और आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

26 नवंबर 2008 को 10 आतंकवादियों ने मुंबई के ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट और नरीमन पॉइंट जैसे कई इलाकों में फायरिंग की थी। इससे 166 लोग मारे गए थे। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध खत्म कर दिए। तब से दोनों टीमें ICC और ACC इवेंट में ही खेलते हैं।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट की टाइमलाइन

2008 : आखिरी बार पाकिस्तान दौरे पर गई थी टीम इंडिया। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

2013 : पाकिस्तान बाइलैटरल सीरीज खेलने के लिए भारत आया था। तब 3 वनडे और 2 टी-20 मैच की सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज ड्रॉ रही।

2023: पाकिस्तान की टीम आखिरी बार भारत आई थी। टीम ने बाबर आजम की कप्तानी में 2023 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। टीम 9 में से 4 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के 5वें स्थान पर रही थी।

# एशिया कप : भारत ने रिकॉर्ड 93 गेंद बाकी रहते जीता मैच

## कुलदीप ने एक ओवर में तीन विकेट लिए



**दुबई, 11 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में यूएई को सिर्फ57 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में 4.3 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

इस तरह भारत ने किसी टी-20 मैच में गेंदें बाकी रहने के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा यूएई का 57 रन का स्कोर भारत के खिलाफ इस फॉर्मेट में किसी भी टीम का सबसे छोटा टोटल है। इतना ही नहीं यह यूएई का अब तक का लोएस्ट स्कोर भी साबित हुआ।

भारत ने 93 बॉल रहते यूएई को हराया, यह टी-20 में भारत की गेंदें बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। भारत का पिछला रिकॉर्ड मैच में 81 बॉल बाकी रहते जीत हासिल करने का था।

टीम ने 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ दुबई में ही यह कारनामा किया था।

टेस्ट खेलने वाले देशों की टी-20 में यह गेंदें बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगा के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब मैच में 101 गेंदें बाकी रह गई थीं। इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 2014 के वर्ल्ड कप में चट्टोग्राम के मैदान पर नीदरलैंड को 90 गेंदें बाकी रहते हरा दिया था।

# एशिया कप: भारतीय महिला हॉकी टीम ने कोरिया को चटाई धूल

## धमाकेदार अंदाज में दर्ज की जीत

**हांगझोउ, 11 सितंबर।** चीन के हांगझोउ में चल रहे महिला हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया है। अब भारतीय महिला हॉकी टीम ने सुपर-फोर के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से शिकस्त दी है। भारतीय महिला प्लेयर्स ने गेंद को ज्यादातर समय अपने पास रखा और विरोधी टीम को छकाए रखा। भारत के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे।





कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में चीन से भिड़ेगा। ये मैच उसके लिए बिल्कुल आसान नहीं रहेगा। सविता पूनिया की अनुपस्थिति में गोलकीपर की भूमिका निभा रही बिचू देवी खारीबाम भारत के लिए नंबर एक विकल्प रही हैं। बांसुरी सोलंकी को थाईलैंड और सिंगापुर के खिलाफ मौका मिला लेकिन बिचू देवी ने जापान के खिलाफचारों क्वार्टर खेले और आगे भी बड़े मुकाबलों में यही स्थिति हो सकती है।

भारत को कोरिया के खिलाफ मैच की शुरुआत में ही पेनाल्टी कॉर्नर मिला और वैष्णवी ने उदिता के शॉट को कोरियाई गोलकीपर द्वारा रोके जाने के बाद रिबाउंड पर गोल दागा।

कोरिया के असफल रिव्यू के बाद भारत को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम गोल करने से चूक गई। इसके बाद कोरिया को भी कई पेनाल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे इन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। कोरिया को पहले क्वार्टर के अंत में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन बिचू देवी ने शानदार बचाव करते हुए भारत की बढ़त बरकरार रखी। बाइसवें मिनट में मुमताज की रिवर्स हिट को कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया। हॉफ टाइम के बाद खेल शुरू होते ही संगीता के मैदानी गोल से भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी का हांगकांग ओपन में शानदार प्रदर्शन जारी

## क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**हांगकांग, 11 सितंबर।** हांगकांग ओपन 2025 में भारत की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी राउंड ऑफ 16 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल से था जिसमें करीब डेढ़ घंटे तक चले इस मैच में कुल तीन सेट का मुकाबला हुआ जिसे भारतीय मेंस जोड़ी ने 2-1 से अपने नाम करते हुए अगले दौर के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया।





वर्ल्ड नंबर 9 रैंकिंग जोड़ी सात्विक और चिराग को राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड के खिलाफ मैच में पहले सेट में 18-21 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दूसरे सेट में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21-15 उसे अपने नाम करने के साथ मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में सात्विक और चिराग ने काफी आक्रामक खेल दिखाया जिसमें उनके स्मैश और तेज रिफ्लेक्सेस का जवाब थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल के पास नहीं था और उन्हें निर्णायक सेट में 21-11 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले सात्विक और चिराग की जोड़ी को राउंड ऑफ32 में ताइवान की जोड़ी के खिलाफ भी कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा था जिसमें उन्होंने पहला सेट तो 21-13 के अंतर से जीता लेकिन दूसरे सेट में 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद तीसरे सेट को 21-10 के अंतर से जीतकर वह राउंड ऑफ16 में पहुंचने में कामयाब हुए थे।

सात्विक और चिराग की जोड़ी का अब हांगकांग ओपन में क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जुनैदी आरिफऔर रॉय किंग याप की जोड़ी से सामना होगा। इस जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल की जोड़ी को लगातार 2 सेट 21-17 और 21-19 से मात देते हुए क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया है।




# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नई दिल्ली, 11 सितंबर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश समावेशी, सतत और मज़बूत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह बात आज FICCI Leads 2025 में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि भारत ने हमेशा संकटों को अवसरों में बदला है। चाहे Y2K की चुनौती रही हो, वैश्विक वित्तीय संकट हो या कोविड-19 महामारी–भारत ने मज़बूती दिखाई। कोविड-19 के दौरान भारत ने 2.5 अरब वैक्सीन लगाईं, किसी नागरिक को भूख से मरने नहीं दिया और सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर उभरा। उन्होंने कहा कि विकास की दूसरी विशेषता है समावेशिता। पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ परिवारों को मुफ्त घर दिए जिनमें पानी, बिजली, सड़क, डिजिटल कनेक्टिविटी और गैस की सुविधा उपलब्ध है। इससे 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले और समाज में बड़ा बदलाव आया।



तीसरा स्तंभ है क्रियाशील नेतृत्व। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई मुक्त व्यापार समझौते सफलतापूर्वक किए हैं। इनमें मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और श्वस्रञ्ज देशों के साथ समझौते शामिल हैं। हाल ही में ब्रिटेन के साथ भी एक संतुलित और मज़बूत स्नञ्ज पूरा हुआ है। यूरोपीय संघ और ओमान के साथ वार्ताएं अंतिम चरण में हैं, जबकि अमेरिका, न्यूजीलैंड, कतर, चिली और पेरू सहित अन्य देशों के साथ सक्रिय बातचीत चल रही है।

इन समझौतों से भारत में कम-से-कम 500 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 45 लाख करोड़ रुपये) का निवेश आने की संभावना है। केवल श्वस्रञ्ज समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

गोयल ने बताया कि भारत का अनुसंधान एवं विकास (क्रष्ठ) वैश्विक स्तर पर निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। भारत हर साल लगभग 12 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करता है, जो यूरोप या ब्रिटेन के 100 अरब डॉलर के बराबर परिणाम देता है। साथ ही, पिछले दो दशकों में भारत का शेयर बाज़ार दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाज़ारों में रहा है।

उन्होंने कहा कि सतत विकास भारत की संस्कृति और जीवन शैली में निहित है। भारत की परंपरा में नदियों, जंगलों और पहाड़ों के प्रति श्रद्धा है। जब इस दर्शन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाता है, तो भारत की विकास क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

गोयल ने कहा कि भारत का लोकतांत्रिक ढांचा, सुरक्षित निवेश वातावरण और युवा आकांक्षी जनसंख्या इसे आने वाले दशकों तक दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाए रखेगी।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि भविष्य भारत का है–यह मज़बूती, समावेशिता और वैश्विक साझेदारी के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि FICCI Leads जैसे आयोजन वैश्विक सहयोग और नवाचार को आगे बढ़ाने में प्रेरक भूमिका निभाते रहेंगे।

# जीएसटी कटौती का फायदा, टोयोटा ने कारों के दाम घटाए

**बेंगलुरु, 11 सितम्बर।** ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की सोच और हर स्तर पर बेहतर अनुभव देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने घोषणा की है कि हाल ही में हुई जीएसटी दरों में कमी का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुँचाया जाएगा। नई कीमतें 22 सितम्बर 2025 से प्रभावी होंगी। इस अवसर पर वरीन्दर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स, सर्विस, यूज़्ड कार बिज़नेस एवं प्रॉफिट एन्हांसमेंट ने कहा, हम भारत सरकार का इस ऐतिहासिक सुधार के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। इस कदम से न केवल ग्राहकों की खरीदारी की बढ़ेगी बल्कि ऑटो सेक्टर में विश्वास भी और मजबूत होगा। त्योहारी सीज़न से ठीक पहले यह पहल निश्चित रूप से मांग को बढ़ावा देगी और उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

उन्होंने आगे कहा, एक पारदर्शी और ग्राहक-केंद्रित कंपनी के रूप में हमें खुशी है कि हम इन लाभों को सीधे अपने ग्राहकों तक पहुँचा पा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि विश्व-स्तरीय मोबिलिटी समाधान और अधिक सुलभ बनाए जाएँ। हमें विश्वास है कि ऐसे सुधार देश में मांग को प्रोत्साहित करेंगे, सबके लिए गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/336/लो.नि.वि./न.पा.प./2025-26 सिमगा, दिनांक 10 सितम्बर 2025

**मैन्यूवल पद्धति से वार्षिक निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सिमगा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में शासकीय स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि | 22/09/2025 | शाम 4.00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 03/10/2025 | शाम 4.00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र खोले जाने की अंतिम तिथि | 06/10/2025 | शाम 05.30 बजे |

| क्र. | कार्य का विवरण | राशि लाख में |
|---|---|---|
| 01 | नल कनेक्शन शिफ्टिंग/नया कनेक्शन प्रदान करना | 05.00 |
| 02 | वर्ष 2025-26 में विद्युत सामाग्री क्रय | 05.00 |
| 03 | वर्ष 2025-26 हेतु शासकीय आयोजन हेतु टेंट व्यवस्था | 05.00 |

निविदा के संबंध में समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिमगा**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202508101000074**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025
सुपेला प.ह.न. 00047 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- कृष्णा ध्रुव
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार-सूचना**

आवेदक-कृष्णा ध्रुव पिता/पति/विभाग-मनहरण ध्रुव पता-सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने पिता मनहरण ध्रुव का मृत्यु दिनांक 04.06.2006 को संजय नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। 02 प्रकरण ब-121 में दर्ज हो। 03 इश्तिहार का प्रकशन हो 04 आवेदक आहूत हो।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/08 2025 को जारी किया जाता है।

मुहर


**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**
**उप तहसील, भिलाई नगर (छ.ग)**


## श्रीनिवास एनएसई के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली, 11 सितंबर।** पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर, श्री श्रीनिवास इंजेटी को आज से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के गवर्निंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सेबी (एसईबीआई) की मंजूरी से की गई है। एनएसई का बोर्ड और प्रबंधन, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री श्रीनिवास इंजेटी का स्वागत करता है, जो एनएसई के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष हैं। श्री श्रीनिवास इंजेटी, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी (1983 बैच), कॉरपोरेट रेग्युलेशन, वित्तीय सेवाओं, सुशासन और सार्वजनिक नीति में चार दशकों से अधिक का नेतृत्व अनुभव साथ लाते हैं। उन्होंने 2017 से 2020 तक कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में केंद्र सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने इन्सॉल्वेंसी लॉ, कम्पटीशन लॉ और कंपनी लॉ में सुधार किए। उनके नेतृत्व में एनएफआरए की स्थापना, स्वतंत्र निदेशकों का डेटाबैंक, कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने और सीएसआर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

## पेट्रोल-डीजल को फिलहाल जीएसटी के दायरे में लाना संभव नहीं : संजय अग्रवाल

**नई दिल्ली, 11 सितंबर।** पेट्रोल और डीजल को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल इन्हें जीएसटी के अंतर्गत लाना संभव नहीं है। क्या पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए, अग्रवाल ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर फिलहाल केंद्रीय उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) लगता है और इन दोनों पेट्रोलियम पदार्थों से राज्यों को वैट के रूप में और केंद्र सरकार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क के रूप में अच्छा-खासा राजस्व प्राप्त होता है। उन्होंने आगे कहा,





राजस्व संबंधी प्रभावों को देखते हुए, इन वस्तुओं को फिलहाल जीएसटी के दायरे में लाना संभव नहीं है।

सीबीआईसी चेयरमैन ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले हफ्ते कहा था कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी परिषद के प्रस्ताव में शामिल नहीं किया है।उस दौरान वित्त मंत्री ने कहा था कि कानूनी तौर पर हम तैयार हैं, लेकिन यह फैसला राज्यों को लेना होगा। वित्त मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी लागू होने के समय ही शामिल किया जाना तय था, मुझे याद है कि मेरे दिवंगत पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस बारे में बात की थी।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, राज्यों की सहमति के बाद, उन्हें परिषद में कराधान की दर तय करनी होगी। एक बार यह फैसला हो जाने के बाद, इसे कानून में शामिल कर लिया जाएगा। जुलाई 2017 में लागू हुए जीएसटी में पेट्रोल, डीजल और मादक पेय पदार्थों जैसे उत्पादों को तब से इसके दायरे से बाहर रखा गया था। ये वस्तुएं केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों के लिए उत्पाद शुल्क और वैट के माध्यम से राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। कई राज्यों के लिए, ये उनके कर राजस्व में 25-30 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं।


**Municipal Corporation Bhilai (Chhattisgarh)**
Website: Bhilainagarnigam.com, Email:nigam_bhilai@yahoo.co.in

क्र./एफ/497/उद्यान/2025/219 भिलाई, दिनांक 08/09/2025

**ई-निविदा सूचना (प्रथम)**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-
**कार्य का नामः-** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जामुल ट्रेचिंग ग्राउंड, इंदु आई.टी. स्कूल के पीछे तथा कुरूद एस.एल.आर. सेंटर के समीप मियावाकी प्लांटेशन कार्य।

| System Tender No. | Earnest Money (FDR) offline | Last date of Bid Submission (EMD & Affidavit) | Last Date of Physical Submission |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 174998 | Rs. 45000.00 | Date-29/09/2025 5.30 PM | Date-30/09/2025 5.30 PM |

उपरोक्त ई-निविदा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर लॉगिन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का संशोधन/शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही अपलोड किया जावेगा।इच्छुक फर्म/एजेंसी को ई-निविदा में भाग लेने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम भिलाई**

## एक नजर

### वर्किंग वुमन हॉस्टल फुण्डहर में 15000 से अधिक पौधे लगाए गए

**रायपुर , 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की पर्यावरण हितेषी मियांवाकी पौधरोपण अभियान योजना के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री अरुण साव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग के माध्यम से रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सघन पौधरोपण अभियान चलाकर लगभग 30 हजार पौधे रोपित करने के निर्धारित किये गए लक्ष्य के अनुरूप समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू, आयुक्त विश्वदीप के मार्गनिर्देशन में सघन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है. मियांवाकी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खोखो तालाब पार, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संकल्प सोसायटी फेस -2 लाभाण्डी, वर्किंग वुमन हॉस्टल फुण्डहर में लगभग 15000 से अधिक पौधे रोपित किये जा चुके हैं.

### गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध का आयोजन 21 को



**रायपुर, 11 सितंबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समता कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में सामूहिक श्राद्ध का कार्यक्रम 21 सितंबर को पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन अविभाजित मप्र के समय से मंदिर प्रांगण में संपन्न होता आया है। इस हेतु पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है। पितृ श्राद्ध तर्पण के लिए वहां स्थित पंडितों द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप जल अर्पण तिलांजलि एवं अन्य पूजन कार्यों का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य है कि सर्व पितृमोक्ष अमावस्या श्राद्ध पक्ष की वह तिथि है जिसमें जातक को अपने मृत परिजनों की तिथि याद नहीं रहने पर भी अमावस्या श्राद्ध में ज्ञात अज्ञात पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी जाती है। श्राद्ध पक्ष में पंचमी तिथि का विशेष महत्व है। पंचमी तिथि के अवसर पर ऐसे अविवाहित मृतकों एवं अन्य दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों का श्राद्ध किया जाता है। जो अल्पकाल में ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। आज के दिन घरों में अविवाहित मृतकों की स्मृति में परिजनों द्वारा सुबह शाम घर के द्वार पर घी का दिया जलाकर चावल अक्षत हल्दी आदि से पूजन कर उनके मुक्ति की कामना की जाती है।

### शनिवार को स्कूलों के समय में बदलाव, राज्य सरकार ने जारी की नई समय-सारणी

**रायपुर, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शनिवार के दिन स्कूल संचालन की समय-सारणी में बदलाव करते हुए नया शेड्यूल जारी किया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों और संभागीय संयुक्त संचालकों को इस संबंध में निर्देश भेज दिए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, शनिवार को एक पाली और दो पाली में चलने वाले स्कूल अब अलग-अलग समय पर संचालित होंगेः एक पाली में संचालित विद्यालयः सभी स्कूल सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक चलेंगे। दो पाली में संचालित विद्यालयः प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलः दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलः सुबह 7:30 बजे से 11:00 बजे तक इस निर्णय को लेकर शिक्षकों में उत्साह देखा गया है। प्रदेश शालेय शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने राज्य सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम शिक्षकों को बड़ी राहत देगा।

# बिजली गिरने से रायपुर-एयरपोर्ट का नेविगेशन-सिस्टम फेल, 4 फ्लाइट कैंसिल, 6 डायवर्ट

## दिल्ली से आ रहे विमान की भोपाल लैंडिंग, फिर लौटा, यात्रियों ने किया हंगामा



**रायपुर, 10 सितम्बर।** रायपुर एयरपोर्ट पर नेविगेशन सिस्टम में खराबी के कारण बुधवार को दिल्ली से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6श्व 5138 को भोपाल डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, तेज आंधी-तूफान के दौरान बिजली गिरने से तकनीकी गड़बड़ी हुई, जिससे विजिबिलिटी और नेविगेशन में दिक्कतें आईं। जिसके कारण 4 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। जबकि 6 अन्य उड़ानों को डायवर्ट किया गया। ये उड़ानें दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और इंदौर जैसे शहरों से जुड़ी थीं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक मौसम और विजिबिलिटी में सुधार के बाद फ्लाइट संचालन सामान्य हो रही है।

बता दें कि, डायवर्ट की गई फ्लाइट में कुल 170 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग क्षेत्र के निवासी हैं। यात्रियों में दुर्ग से बीजेपी सांसद विजय बघेल और वरिष्ठ ढ्ढस् अधिकारी सोनमणी बोरा भी शामिल थे। वहीं, भोपाल एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए रुकने और रिफ्यूलिंग के बाद फ्लाइट ने रात 10:30 बजे दिल्ली के लिए दोबारा उड़ान भरी और 11:45 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। जब यात्रियों को यह सूचना मिली कि उन्हें उसी रात रायपुर नहीं भेजा जाएगा, तो उन्होंने एयरपोर्ट पर विरोध और हंगामा किया।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर देर रात हंगामाः** दिल्ली पहुंचने के बाद जब यात्रियों को यह जानकारी दी गई कि उन्हें उसी रात रायपुर नहीं भेजा जा सकेगा, तो देर रात एयरपोर्ट पर हंगामा हो गया। यात्रियों का आरोप था कि इंडिगो की ओर से कोई जिम्मेदार अधिकारी सामने नहीं आया। करीब 1 घंटे तक चले हंगामे के बाद एयरलाइन ने यात्रियों को दो अलग-अलग रिसॉर्ट्स में ठहराने की व्यवस्था की।

**आज दोपहर रायपुर के लिए फ्लाइटः** एयरलाइन ने सभी यात्रियों को आज गुरुवार को रायपुर भेजने के लिए फ्लाइट नंबर 6श्व 9056 में सीट अलॉट की गई जो दोपहर 12:40 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 2:25 बजे रायपुर लैंड करेगी।

# बिजली गिरने से फ्रिसबी खेल रहे पुलिसकर्मी के बेटे की मौत

**रायपुर, 11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिन तक तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आज बलरामपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कोरिया और सूरजपुर इन पांच जिलों को छोड़ अन्य सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो ज्यादातर जगहों पर बादल गरजने और हल्की से मध्यम बारिश रिपोर्ट की गई है। इसके अलावा दुर्ग संभाग के एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हुई है। वहीं रायपुर में बुधवार को बिजली गिरने से पुलिसकर्मी के बेटे की मौत हो गई। दोपहर 1 बजे शॉर्ट-लंच में बच्चे स्कूल के मैदान में फ्रिसबी खेल रहे थे। इसी दौरान छात्र प्रभात साहू की चेस्ट पर बिजली गिरी। प्रभात 10वीं क्लास में पढ़ता था। मामला राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के सेंट जोसेफ स्कूल का है। जानकारी के मुताबिक जिस जगह पर बच्चा खड़ा था, उससे 100 मीटर में ही चर्च के टावर पर तड़ित चालक(लाइटनिंग अरेस्टर) लगा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि बिजली का एक हिस्सा बच्चे पर गिरा। प्रभात की 2 बड़ी बहनें हैं। एक हाईस्कूल में ही पढ़ाई करती है। प्रभात के पिता शिव शरण साहू ACB रायपुर में पोस्टेड हैं।

## रायपुर-बिलासपुर में मां-बेटे ने ज्वेलर्स को ठगा

# नकली ब्रेसलेट देकर असली चेन ले गए, कार से पहुंचे थे शॉप, उप्र के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 11 सितम्बर।** रायपुर और बिलासपुर में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मां-बेटे ने ठगी की है। उन्होंने ज्वेलर्स को नकली ब्रेसलेट लेकर असली चेन ले लिया। वे कार से घूमते हुए दुकान पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों मां बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर बाजार का है। दरअसल, शालीभद्र धाड़ीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उसका कोतवाली के सदर बाजार में ज्वेलर्स दुकान है। 9 सितंबर को शाम लगभग 6 बजे ज्वेलरी दुकान में एक महिला आकर ब्रेसलेट रिपेयरिंग करने बोली, तब दुकानदार ब्रेसलेट को देखकर बोला ब्रेसलेट रिपेयरिंग नहीं हो सकता है। तब महिला बोली कि इस सोने के ब्रेसलेट के बदले मुझे सोने का नया चेन दे दीजिए। पुलिस ने घेराबंदी कर सविता सिंग उर्फ सपना उर्फ सप्पो और इशांत उर्फ अनुज वर्मा निवासी गाजियाबाद (उ.प्र.) को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर सविता सिंग उर्फ सपना उर्फ सप्पो और इशांत उर्फ अनुज वर्मा निवासी गाजियाबाद (उ.प्र.) को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का चेक किया। जिसमें पाया गया कि महिला के साथ एक पुरुष भी है। इनके पास कार भी है। जिसमें आरोपी सवार होकर आए थे। पुलिस ने गाड़ी की तलाश शुरू कर दी।




### ब्रेसलेट की जांच करने से पहले महिला फरार

ज्वेलर्स ने ब्रेसलेट को तौल कर बदले में 13 ग्राम 880 मिली ग्राम वजन का नया सोने का चेन दे दिया। जिसकी कीमत करीब 1,68,000 रुपए थी। दुकानदार ने ब्रेसलेट को चेक कराने के लिए भेज रहा हूं बोला, तब वह महिला तुरंत दुकान से निकलकर भाग गई। ब्रेसलेट को चेक करने पर महिला का दिया ब्रेसलेट सोने का न होकर नकली था। दुकानदार ने बाहर निकल कर महिला की तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिली।

### गाजियाबाद के हैं निवासी

पुलिस ने घेराबंदी कर सविता सिंग उर्फ सपना उर्फ सप्पो और इशांत उर्फ अनुज वर्मा निवासी गाजियाबाद (उ.प्र.) को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सविता ने बताया कि, इशांत उर्फ अनुज वर्मा उसका बेटा है। दोनों ने मिलकर ठगी की है। आरोपियों ने इसी पैटर्न में बिलासपुर के सदर बाजार के अजय ज्वेलर्स में भी ठगी की।



### बिलासपुर से वारदात कर आए थे आरोपी

पूछताछ में आरोपियों ने 9 सितंबर को ही जिला बिलासपुर के सदर बाजार स्थित अजय ज्वेलर्स दुकान में भी सोने का नकली ब्रेसलेट देकर सोने का असली ब्रेसलेट लेकर ठगी की थी। उनके कब्जे से ठगी की 1 नग सोने का ब्रेसलेट, 1 नग सोने का चैन, नगदी रकम 82,170 रुपए और घटना में इस्तेमाल वेगनआर कार क्रमांक यू पी रजिस्टर्ड कीमत लगभग 8,50,000 रुपए जब्त किया गया है।

### इसी पैटर्न में बिलासपुर में भी वारदात

बिलासपुर के सदर बाजार स्थित शाह ज्वेलर्स के संचालक अजय कुमार शाह (62) मंगलवार को शातिर महिला की ठगी का शिकार हो गए। महिला ने नकली सोने का ब्रेसलेट थमाकर असली ब्रेसलेट ले लिया। जांच में पता चला कि ब्रेसलेट नकली था। घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे की है। एक महिला काले सलवार-सूट में आई और 23 कैरेट का ब्रेसलेट दिखाकर बदलने की बात कही। उसका वजन 19 ग्राम था। संचालक अजय शाह ने जांच के बाद महिला को 15 ग्राम वजनी असली सोने का ब्रेसलेट दिखाया, जिसकी कीमत करीब 1.86 लाख रुपए थी। महिला ब्रेसलेट लेकर दुकान से निकल गई। बाद में जांच करने पर दिया गया ब्रेसलेट नकली निकला। इसके बाद अजय शाह ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार महिला ने सोमवार को रायपुर के धाड़ीवाल ज्वेलरी शॉप में भी फर्जी आभूषण देकर महिला ने असली सोना ले लिया था। इसके बाद मंगलवार को उसने शाह ज्वेलर्स को अपना शिकार बनाया। वहीं बुधवार को तीसरी ठगी के लिए रायपुर पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# छग में 10538 शालाओं का युक्तियुक्तकरण पूर्ण

**स्कूलों का युक्तियुक्तकरण**

- 16165 शिक्षक एवं प्राचार्य हुए समायोजित
- अब कोई भी विद्यालय शिक्षकविहीन नहीं

**रायपुर, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा अपनी समस्याओं के संबंध में अनेक बार मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव एवं विभागीय सचिव को ज्ञापन देने के उपरांत मामला नये स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के कार्यभार संभालने के उपरांत हल हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार छग में मंत्री यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण निर्देशों के प्रावधानों के तहत राज्य में व्यापक युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई की गई है जिसके चलते 10538 शालाओं का युक्तियुक्तकरण हुआ है एवं 16165 शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया है। अब प्रदेश में एक भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं है। एकल विद्यालयों की संख्या में शिक्षामंत्री के शतप्रयासों से घटी है।

ज्ञातव्य है कि पहले 5936 विद्यालय एकल शिक्षकीय थे। वहीं युक्तियुक्तकरण के बाद केवल 12 सौ 7 प्राथमिक शालाओं शिक्षकों की अनुपब्लधता के कारण एकल शिक्षकीय रह गये है। जिनका समाधान उक्त निर्णय से हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन भी विषयवार किया जा रहा है। किसी संस्था में एक शिक्षक अतिशेष पाया जाता है उसी संस्था को सेटअप के आधार पर रिक्त विषय के पद पर उक्त शिक्षक की पदस्थापना की गई है। विषय विकलांगता तथा परिवीक्षा अवधि जैसे कारकों का युक्तियुक्तकरण का विशेष ध्यान रखा गया है इसके अलावा अतिशेष शिक्षकों की गणना उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज मूल विषय के आधार पर की गई है। जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के पश्चात कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल में कार्यग्रहण किया है उनके वेतन आहरण की कार्रवाई भी अंतिम वेतन प्रमाणपत्र के आधार पर की जा रही है।

# 200 पदों पर एडीईओ भर्ती परीक्षा प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी

### ग्रामीण विकास के डिग्री होल्डर्स को 15 अंक बोनस मिले, अब दस्तावेज सत्यापन होगा

**रायपुर, 11 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी (ADEO25) भर्ती परीक्षा की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट कर दी गई है। परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित की गई थी। वित्त विभाग की सहमति के बाद कुल 200 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए कई चरणों में पत्राचार के बाद व्यापम को परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव भेजा गया था। व्यापम ने 14 अगस्त 2025 को परीक्षा का अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिया था। इसके बाद 21 अगस्त को प्राप्तांक सूची और ओएमआर आंसर शीट विभाग को प्राप्त हुई।

**कैसे बनी मेरिट लिस्ट?:** कार्यालय की ओर से गठित समिति ने व्यापम से प्राप्त परीक्षा परिणाम के आधार पर मेरिट तैयार की है। अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों का 85 प्रतिशत वेटेज लिया गया। ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवारों को 15 अतिरिक्त अंक दिए गए। इन्हीं आधारों पर संयुक्त मेरिट/वरीयता सूची बनाई गई है।

**महत्वपूर्ण बातें:** यह सूची अनंतिम (प्रोविजनल) है। आवेदन में दी गई जानकारी और व्यापम से प्राप्त अंक ही इसके आधार हैं। सत्यापन के दौरान यदि कोई भी दस्तावेज गलत पाया जाता है या उम्मीदवार अपात्र पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

**कहां देखें सूची?:** सभी अभ्यर्थियों की संयुक्त मेरिट/वरीयता सूची विभाग की वेबसाइट https://prd.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

# राजधानी में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर विजय दशमी को निकलेगा आकर्षक पथ संचलन

**रायपुर, 11 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में राजधानी रायपुर में विजया दसमीं के अवसर पर उपलक्ष्य में आकर्षक पथसंचलन 2 अक्टूबर को निकाला जाएगा। इसके लिए 14 सितंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है।

रायपुर आरएसएस के प्रमुख महेश बिड़ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। राजधानी में करीब 130 स्थानों पर शाखाएं संचालित हो रही है। यहां पर शारीरिक अभ्यास के अलावा सूर्य नमस्कार तथा अन्य देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित होते है। सुबह की शाखा में बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां पर स्वयं सेवकों की




- 14 सितंबर को संघ के स्वयंसवकों एवं अध्यक्ष की रखी गई है महत्वपूर्ण बैठक
- कार्यक्रम को सफल बनाने का जिम्मा दिया जाएगा वरिष्ठ पदाधिकारियों को

संख्या बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक सामाजिक संगठन है। यहां पर विभिन्न प्रकल्प संचालित हो रही है जिसमें स्वदेशी आंदोलन शिक्षा एवं शिशु केंद्र है।

दो अक्टूबर को विजया दसमीं के अवसर पर पथसंचलन प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा जिसमें आकर्षक बैंड पार्टी के साथ राष्ट्रीय धून एवं देशभक्ति पूर्ण गीत गाये जाएंगे। जिला प्रशासन को इसकी विधिवत सूचना दी जा रही है। संघ के कई प्रमुख पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रायपुर के छोड़ बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई तथा बस्तर में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी यहां आएंगे।

### नेपाल में फंसे छत्तीसगढ़ के पर्यटकों की सुरक्षा पर मुख्यमंत्री की निगरानी

**रायपुर, 11 सितंबर।** नेपाल में मौजूद छत्तीसगढ़ के पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन यात्रियों की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि भारत सरकार के अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया है, ताकि सभी पर्यटकों की सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कठिन परिस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के प्रत्येक नागरिक की मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब नेपाल में फंसे पर्यटकों को लेकर उनके परिजनों में गहरी चिंता बनी हुई है।

**गड़बड़ी** | नगर निगम में नवीन मार्केट के 43 व्यापारियो को नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना की जानकारी दी गई

# नवीन मार्केट परिसर को बहुद्देशीय और आधुनिक वाणिज्यिक परिसर के रूप में विकसित किये जाने की योजना : मीनल

- व्यापारियों की सहमति से नगर निगम नवीन मार्केट परियोजना को मूर्त रूप देने कार्य करेगा
- प्रयास रहेगा कि व्यापारियों को इस दौरान न्यूनतम असुविधा हो : महापौर



**रायपुर, 11 सितम्बर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम रायपुर मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में राजधानी शहर के नवीन मार्केट क्षेत्र के संबंधित 43 व्यापारियो को बुलवाकर उन्हें नगर निगम रायपुर द्वारा प्रस्तावित नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना की जानकारी दी गई।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सन 1973 में नवीन मार्केट भवन का निर्माण किया गया था जो रायपुर शहर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र जयस्तंभ चौक और शारदा चौक के समीप स्थित एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक परिसर है। समय के साथ इस परिसर को एक बहुउद्देशीय एवं आधुनिक वाणिज्यिक परिसर के रूप में विकसित किये जाने की योजना है। परिसर का कुल क्षेत्रफ्ल 4.62 एकड है। नवीन मार्केट भवन के पीछे की रिक्त भूमि तथा पुराने स्कूल को शामिल करते हुए नई परियोजना तैयार करने कार्य किया जायेगा। नवीन मार्केट परियोजना के विकास से आस पास स्थित महत्वपूर्ण स्थल जैसे तात्यापारा, कंकाली पारा, आजाद चौक, सदर बाजार, मालवीय रोड जैसे लगभग 4. 52 वर्ग कि.मी. का क्षेत्रफ्ल नये बहुउद्देशीय व्यापारिक परिसर से उन्नत हो सकेगा। इसीलिए नगर निगम रायपुर द्वारा रायपुर शहर के मध्य भाग को आर्थिक सामाजिक व पर्यावरण की दृष्टि से सुलभ बनाने नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना तैयार की जा रही है। इस हेतु कंसल्टेंट का चयन कर परियोजना तैयार की जायेगी। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा नवीन मार्केट पुनर्विकास परियोजना हेतु अनुदान केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य रेवेन्यु शेयरिंग मॉडल अंतर्गत लाया जाना प्रस्तावित किया जा रहा है।

### योजना को मूर्त रूप देने में व्यापारी बने सहभागी: चौबे

महापौर मीनल चौबे ने सभी व्यापारियो से नवीन मार्केट पुनर्विकास परियोजना को शीघ्र मुर्त रूप देने सहभागी बनने की अपील की। महापौर ने कहा कि नगर निगम रायपुर द्वारा यह प्रयास किया जायेगा कि परियोजना के मूर्त रूप लेने के दौरान संबंधित क्षेत्र के व्यापारियो को न्यूनतम असुविधा हो एवं शीघ्र विकास की शानदार सौगात उन्हें दी जा सके। यह कार्य व्यापारियो की सहमति से शीघ्र मुर्त रूप देकर किया जायेगा।

# रायपुर में सड़क सुरक्षा को नई रफ्तार 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम होगा

**रायपुर, 11 सितंबर।** रायपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर ज़िला प्रशासन ने एक अहम कदम बढ़ाया है। रेड क्रॉस हॉल में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति (DRSC) की बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) तथा माय भारत, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम का ज़िले में तेज़ी से क्रियान्वयन किया जाएगा। बैठक में उप निदेशक, माय भारत अर्पित तिवारी ने बताया कि इस पहल के तहत युवा स्वयंसेवकों को माय भारत प्लेटफ़ॉर्म से जोड़कर तीन माह की 'अनुभवाधारित अधिगम ' अवधि में नामांकित किया जाएगा। इस दौरान वे ट्रैफ़िक पुलिस और आरटीओ के साथ फील्ड में कार्य



- स्कूल-कॉलेज व समुदाय स्तर पर जागरूकता और फर्स्ट रिस्पॉन्स सत्र आयोजित करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

कर अनुभव प्राप्त करेंगे तथा प्रगति रिपोर्ट DRSC को सौंपी जाएगी। स्वयंसेवकों को दुर्घटनास्थल पर भीड़ प्रबंधन, ग्रीन कॉरिडोर सहयोग, रोड सेफ्टी ऑडिट, ब्लैकस्पॉट सुधार तथा स्कूल-कॉलेज व समुदाय स्तर पर जागरूकता और फर्स्ट रिस्पॉन्स सत्र आयोजित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु-दरों में ठोस कमी लाने के लिए नई पहलों को अपनाना ज़रूरी है। उन्होंने आरटीओ, पुलिस और समिति के सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया ताकि रायपुर से राष्ट्रीय स्तर की 'बेस्ट केस स्टडीज़' सामने आ सकें। बैठक में एनआईटी रायपुर को ज्ञान सहयोगी के रूप में सह-नामित करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बताया गया कि स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण सेवलाइफ़ फ़ाउंडेशन और आईआईटी मद्रास (CoERS) के सहयोग से कराया जाएगा। इच्छुक युवा माय भारत प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिये इस अनुभव आधारित पहल से जुड़ सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26